इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 263 | राजनांदगांव, सोमवार 11 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# राहुल गांधी की मतदाता सूची को आयोग ने बताया भ्रामक, फैक्ट चेक के बाद फिर दोहराई अपनी मांग

नई दिल्ली। भारत के चुनाव आयोग ने रविवार को कांग्रेस राहुल गांधी की तरफ से जारी उस मतदाता सूची को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है, जिसमें 30,000 मतदाताओं के पते फर्जी होने का दावा किया है। चुनाव आयोग ने फैक्ट चेक के बाद कहा कि विधि सम्मत प्रक्रिया को ध्वस्त करने की कोशिश कर रहे हैं और जितना भी संभव हो सकता है, उतना ज्यादा लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

चुनाव आयोग ने अपने आधिकारिक एक्स सोशल मीडिया पर कांग्रेस की पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, यह बयान पूरी तरह भ्रामक है। अगर राहुल गांधी को लगता है कि उनकी तरफ से साझा की जा रही सूची वाकई सही है तो उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पालन करने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्हें बिना देरी कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जवाब भेजना चाहिए। आयोग ने इसके साथ ही फिर दोहराया कि या तो वह अपनी प्रेस कांफ्रेंस में उठाए गए मुद्दों पर हस्ताक्षरित हलफनामा दें या फिर देश से माफी मांगें।

आयोग ने अपनी पोस्ट में लिखा कि विपक्ष के नेता के पास अब दो ही विकल्प हैं। पहला, अगर उन्हें लगता है कि उनका विश्लेषण सही है और आयोग पर लगाए गए उनके आरोप सत्य हैं तो उन्हें संबंधित मतदाताओं के बारे में दावे और आपत्तियां जताते हुए मतदाता पंजीकरण नियम 1960 की धारा 20(3)(बी) के तहत हस्ताक्षरित शपथ देनी चाहिए। दूसरा, अगर वह शपथपत्र नहीं देते हैं तो यही माना जाएगा कि उनकी जानकारी तथ्यात्मक रूप से गलत है और वह बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।




### राहुल गांधी को हरियाणा सीईओ का नोटिस

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उनसे उन दस्तावेजों को पेश करने के लिए कहा गया है जिनके आधार पर उन्होंने 7 अगस्त को दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान हरियाणा के चुनाव से संबंधित आरोप लगाए थे।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रेसवार्ता के दौरान राहुल गांधी ने दिए गए बयानों में उल्लेख है कि हरियाणा की मतदाता सूची में कथित रूप से अयोग्य मतदाताओं को शामिल करने और योग्य मतदाताओं को बाहर करने से संबंधित है। इस संबंध में दस्तावेजों को 10 दिन के अंदर प्रदान करवाया जाए, ताकि उचित कार्रवाई की जा सकें।

### दो बार वोट डालने वाले दावे के दस्तावेज पेश करें

रविवार को कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने भी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से उन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस की डिनर पॉलिटिक्स से फिर एकजुट होगा 'इंडिया', अब मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी सांसदों को दावत पर बुलाया



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोमवार (11 अगस्त, 2025) को इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए डिनर का आयोजन करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह ऐसे समय में हो रहा है जब विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनावी धांधली के खिलाफ एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं।

विपक्षी नेता और सांसद सोमवार को चुनाव में धोखाधड़ी मुद्दे पर संसद से चुनाव आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकालेंगे। सूत्रों ने बताया कि उसी दिन राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे चाणक्यपुरी के होटल ताज पैलेस में इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए डिनर का आयोजन करेंगे।

### राहुल गांधी भी कर चुके हैं डिनर का आयोजन

यह घटना ऐसे समय में हो रही है जब कुछ ही दिन पहले, एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर डिनर के दौरान बैठक की थी और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के साथ-साथ वोट चोरी मॉडल के खिलाफ लड़ने की शपथ ली थी। यह विपक्षी गुट के शीर्ष नेताओं की पहली फिजिकल बैठक थी। इससे पहले उनकी आखिरी मुलाकात जून 2024 में लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद खरगे के आवास पर हुई थी।

### किस पार्टी के नेता डिनर में पहुंचे

बैठक में 25 दलों के कई नेता मौजूद थे, जिनमें खरगे, सोनिया गांधी, एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार, नेशनल कॉन्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, सपा के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, टीएमसी के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, डीएमके के तिरुचि शिवा और टी आर बालू, एनसीपी के एम ए बेबी, सीपीआई के डी राजा, सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य और एमएनएम प्रमुख कमल हासन शामिल थे।

# पीएम मोदी ने तीन वंदेभारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी, यलो लाइन मेट्रो का भी किया उद्घाटन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के दौरे पर पहुंचे। यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल है।

जानकारी दें कि पीएम बेंगलुरु पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़क पर लोगों का हुजूम उमड़ा था।

### यलो लाइन मेट्रो का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

यलो लाइन मेट्रो के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। इस दौरान पीएम मोदी के साथ कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद रहे। वहीं, इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों से बातचीत भी की।

# डायल-112 योजना में प्रतिवर्ष करोड़ों खर्च



वर्तमान में केवल छ.ग. के 16 जिलों में संचालित

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य में डायल-112 का संचालन वर्तमान में मेसर्स टीपीएल (टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) एवं कर्सोसियम पार्टनर मे. एबीपी के द्वारा किया जा रहा है। इन दोनों ही प्रतिष्ठानों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 49 करोड़ 43 लाख 71 हजार 781 रूपए, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 52 करोड़ 82 लाख 94 हजार तीस रूपए तथा वर्ष 2024-25 में 50 करोड़ 7 लाख, 65 हजार 310 रूपए का भुगतान किया गया है।

उल्लेखनीय कि, सी.जी. डायल-112 में प्रतिदिन औसत 6,000 काल पंजीकृत किये जाते हैं। आई.टी. पार्क के लिए सभी 33 जिलों में संचालन हेतु प्रति वर्ष राशि रूपए 23 करोड़ 26 लाख 78 हजार 166 रूपए की दर पर नामिनेशन के आधार पर दिया गया है। वर्तमान में डायल-112 का संचालन केवल 16 जिले में संचालित है।

उक्त द्वय प्रतिष्ठानों को 5 वर्षों सितम्बर 2018 से 31 अगस्त 2023 तक का अनुबंध किया गया था। इस अनुबंध में पांच वर्षों के बाद की सेवाओं को आपसी नियम व शर्तों पर छ.ग. पुलिस की परियोजना अवधि को 2 (दो) अतिरिक्त वर्षों तक विस्तार करने का प्रावधान है। डायल-112 योजना का राज्य के सभी जिलों में क्रियान्वयन हेतु नवीन एस-1 का चयन व आनबोर्डिंग के लिए प्रक्रिया पूरा होने में लगने वाले समय के कारण प्राप्त अनुमति उपरांत मेसर्स एबीपी की सेवा अवधि कुल चार बार बढ़ायी गई है। डायल-112 योजना हेतु विभाग के द्वारा 252 वाहनों को उपलब्ध कराया गया है।

# छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना को मिली मंजूरी, निराश्रित पशुओं की होगी देखभाल



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी, बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी।

### दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना

योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है कि निराश्रित एवं घुमंतु गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गौसेवकों को नियमित आय का स्थायी स्रोत उपलब्ध हो, जिससे ग्रामीण जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता आ सके। गौधाम योजना के ड्राफ्ट को वित्त एवं पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी मिल चुकी है।

गौधाम योजना का उद्देश्य गौवंशीय पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना, गौ-उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है।




# 'बॉस तो हम ही हैं' : राजनाथ सिंह ने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को सुनाई खरी-खरी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश की जनसभा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिना नाम लिए तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, 'कुछ लोग खुद को दुनिया का बॉस समझते हैं, लेकिन असली बॉस तो हम हैं।' राजनाथ सिंह का यह बयान अमेरिका की ओर से भारत पर बढ़ाए गए टैरिफ को लेकर था। उन्होंने साफ कहा कि भारत का विकास को रोकने की कोशिशें हो रही हैं ताकि भारतीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगा करके बेअसर किया जा सके। लेकिन भारत न झुकेगा, न रुकेगा। उनका ये बयान सीधे तौर पर उन देशों के लिए था जो भारत की तरक्की से असहज हैं और आर्थिक हथकंडों के जरिए भारत पीछे धकेलना चाहते हैं। वे आर्थिक हथकंडों के जरिए भारत को पीछे धकेलना चाहते हैं।

### भारत अब कभी भी पीछे नहीं रहेगा

उन्होंने भारत को दुनिया का सबसे तेज़ बढ़ता हुआ देश बताया और कहा कि भारत अब कभी भी पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की प्रगति कुछ देशों को बिल्कुल भी पसंद नहीं आ रही, जो भारत के विकास के खिलाफ काम कर रहे हैं।

### भारत की बढ़ती शक्तिः राजनाथ सिंह का विश्वास

रक्षा मंत्री ने अपनी बातों में भरोसा जताया कि अब दुनिया की कोई भी ताकत भारत को एक बड़ी शक्ति बनने से रोक नहीं सकती। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, भारत ने जिस तेजी से प्रगति की है, अब कोई भी उसे रोकने की ताकत नहीं रखता। हमारे रक्षा क्षेत्र में भी अब जबरदस्त वृद्धि हो रही है और हम 24,000 करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं। यह भारतीय रक्षा क्षेत्र की ताकत और आत्मनिर्भरता का बड़ा प्रमाण है।

### अमेरिका की बढ़ी टैरिफ नीति पर निशाना

राजनाथ सिंह ने भारत के खिलाफ हाल ही में अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# न्याय लोगों के दरवाजों तक पहुंचे, ना कि सत्ता के गलियारों में - सीजेआई गवई



इटानगर। भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का अस्तित्व केवल लोगों की सेवा के लिए है और न्याय को शीघ्रता से और न्यूनतम लागत पर प्रदान करना चाहिए। गवई ने कहा, 'मैं हमेशा विकेंद्रीकरण का कट्टर समर्थक रहा हूं। न्याय लोगों के दरवाजों तक पहुंचना चाहिए, केवल सत्ता के गलियारों तक सीमित नहीं रहना चाहिए।'

गुवाहाटी हाई कोर्ट की यहां नवनिर्मित इटानगर स्थायी बेंच भवन का उद्घाटन करते हुए रविवार को सीजेआइ गवई ने कहा, 'न तो अदालतें, न न्यायपालिका और न ही विधायिका राजाओं, न्यायाधीशों या कार्यपालिका के सदस्यों के लिए अस्तित्व में हैं। हम सभी का उद्देश्य लोगों को न्याय प्रदान करना है।'

### राज्य में 26 प्रमुख जनजातियां और 100 से अधिक उप-जनजातियां

गवई ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व प्रधान न्यायाधीशों की सराहना की जिन्होंने न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए कार्य किया। अरुणाचल प्रदेश की विविधता में एकता की प्रशंसा करते हुए सीजेआइ ने कहा कि राज्य में 26 प्रमुख जनजातियां और 100 से अधिक उप-जनजातियां हैं। सरकार ने प्रत्येक जनजाति की परंपराओं और संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए हैं।

देश को प्रगति करनी चाहिए लेकिन हमारी संस्कृति और परंपराओं की कीमत पर नहीं। यह हमारे संविधान के तहत एक मौलिक कर्तव्य है कि हम उन्हें संरक्षित और संजोएं। बीआर आंबेडकर का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा, बाबा साहेब भारत की एकता के कट्टर समर्थक थे।

उन्होंने आश्वासन दिया कि हमारा संविधान भारत को शांति और युद्ध के समय में एकजुट और मजबूत रखेगा, जैसा कि हमने 75 वर्षों के बाद भी देखा है। उन्होंने नागरिकों से संविधान को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# उज्ज्वला योजना : सब्सिडी पर नहीं मिलेंगे 12 सिलेंडर, तेल कंपनियों के घाटे की भरपाई करेगी सरकार




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलेंडर से जुड़े दो महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। पहला, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को लागत से कम दाम पर एलपीजी बेचने से हुए रु. 30,000 करोड़ के घाटे की भरपाई 12 किश्तों में की जाएगी। दूसरा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सालाना दिए जाने वाले सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या 12 से घटाकर 9 कर दी गई है।

सरकार ने तेल कंपनियों के लिए रु. 30,000 करोड़ कैश मुआवजा मंजूर किया है। इसका भुगतान 12 किश्तों में किया जाएगा। पहली किश्त सितंबर-अक्टूबर 2025 में जारी होगी। वित्त वर्ष 2026 में रु.15,000 करोड़, शेष राशि वित्त वर्ष 2027 में दी जाएगी। एकमुश्त भुगतान करने से राजकोषीय घाटा 8 बेसिस प्वाइंट बढ़ सकता था, इसलिए इसे दो वित्तवर्ष में विभाजित किया गया है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 में 4.4 प्रतिशत जीडीपी वित्तीय घाटा बनाए रखना है।

### पीएम उज्ज्वला योजना में बदलाव

पीएम उज्ज्वला योजना के तहत अभी सब्सिडी वाले 12 सिलेंडर हर साल मिलते थे, लेकिन सरकार ने इनकी संख्या घटाकर 9 कर दी है। हालांकि, सब्सिडी रु. 300 प्रति 14.2 किग्रा सिलेंडर पर बरकरार है। वित्त वर्ष 2026 के लिए उज्ज्वला योजना के लिए रु. 12,060 करोड़ का बजट निर्धारित किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उज्ज्वला परिवारों की औसत खपत वित्त वर्ष 2020 में 3 रिफिल से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 4.47 रिफिल हो गई। सरकार के इस फैसले से देश के लाखों गरीब परिवार सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उज्ज्वला योजना में सब्सिडी बनी रहने से उन्हें राहत तो मिलेगी, लेकिन सालाना रिफिल सीमा घटा देने से खपत पर असर पड़ेगा। वहीं किश्तों में मुआवजा देने से वित्तीय दबाव कम होगा।

# डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दो वोटर कार्ड, उम्र भी अलग-अलग? तेजस्वी यादव का दावा, ऑनलाइन दिखाए सबूत






पटना। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को लेकर बड़ा दावा किया है. तेजस्वी का आरोप है कि सिन्हा के पास दो वोटर आईडी हैं. और उनमें उम्र भी अलग-अलग है. एक वोटर कार्ड पटना का है और दूसरा-लखीसराय का।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आरजेडी विधायक तेजस्वी यादव ने राज्य की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्इ्रक्र) ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं. रविवार को उन्होंने प्रेस वार्ता में दावा किया कि बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का नाम दो अलग-अलग जगहों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची में दर्ज है और उनके पास दो अलग-अलग ईपिक कार्ड भी हैं. हालांकि, सिन्हा ने सफाई में कहा कि उन्होंने 5 अगस्त को पटना से नाम हटवाने के लिए क्रह्र को आवेदन दिया है.

तेजस्वी ने विजय कुमार सिन्हा के दोनों वोटर आईडी कार्ड का डिटेल मीडिया को दिखाया. दोनों ईपिक का डिटेल ऑनलाइन चेक करके भी दिखाया. तेजस्वी ने कहा कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में विजय कुमार सिन्हा का नाम पटना और लखीसराय, दोनों जगहों पर शामिल है. यही नहीं, दोनों वोटर आईडी कार्ड पर अलग-अलग ईपिक नंबर और उम्र दर्ज है दरअसल, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### चुनाव आयोग ने एक महीने का वक्त दिया

विजय सिन्हा ने मीडिया के सामने एक दस्तावेज पेश किया, जिसमें 30 अप्रैल 2024 को पटना से नाम हटवाने के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया गया था. सिन्हा का कहना था कि ये संशोधन का समय है. आयोग ने एक महीने का वक्त दिया है. तेजस्वी यादव संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने वाले लोग हैं. इनको लोकतंत्र पर भरोसा नहीं है. उम्र के अंतर पर विजय कुमार सिन्हा का कहना था कि इसको संशोधित करने के लिए मैंने दिया था. मेरी उम्र सर्टिफिकेट के अनुसार है.

# शकुन रानी को 'डबल वोटर' बताने पर घिरे राहुल गांधी, चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस




नई दिल्ली। चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी फंस गए है। इसे लेकर कर्नाटक चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। ईसी ने राहुल गांधी से मतदाता धोखाधड़ी के आरोपों पर स्पष्टीकरण और साक्ष्य मांगे है। श्वष्ट ने पत्र जारी कर कहा - आपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आपके प्रस्तुतीकरण में दिखाए गए दस्तावेज भारत के चुनाव आयोग के रिकॉर्ड से हैं।

### 'शकुन रानी ने दो बार नहीं किया मतदान'

ईसी ने पत्र में लिखा कि आपने कहा है कि यह चुनाव आयोग का डेटा है। आपने यह भी कहा है कि मतदान अधिकारी द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के अनुसार, शकुन रानी ने दो बार मतदान किया है। लेकिन ईसीआई कार्यालय के मुताबिक पूछताछ करने पर शकुन रानी ने बताया कि उन्होंने सिर्फ एक बार मतदान किया है, दो बार नहीं, जैसा कि आपने आरोप लगाया है।

## पहला कॉलम...

### महापौर मधुसूदन यादव ने भोरमदेव में पूजा अर्चना की



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव भोरमदेव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की साथ में उसकी धर्मपत्नी करुणा यादव उसके सुपुत्र रिभय यादव ने सावन के अंतिम दिवस पर पूजा अर्चना किया।

### ब्रम्हाकुमारी पुष्पा दीदी जी ने तिलक लगाकर राखी बांधी



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव रोड स्थित ज्ञान मानसरोवर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की संचालिका पुष्पा दीदी जी ने सभी को तिलक लगाकर राखी बांधी तथा मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर संचालिका पुष्पा दीदी जी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि अपनी बुराइयों को त्याग कर अपने जीवन को उच्च बनाना तथा अपने जीवन का दुर्गुणों से रक्षा करना ही रक्षाबंधन है। इस दिन हम मुंह मीठा करते हैं, अर्थात हमें सदैव सबसे मीठा बोलना चाहिए।

### कान्यकुब्ज सभा ने किया वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव द्वारा 8 अगस्त को बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष अगस्त माह में आयोजित किया जाता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सर्वप्रथम संरक्षक ऋषि कुमार तिवारी, अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी, सलाहकार वित्त करूणा शंकर तिवारी, सचिव अजय शुक्ला, एन. बाजपेयी शिक्षण समिति के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, कोषाध्यक्ष अखिलेश तिवारी, सांस्कृतिक प्रभारी मुकेश तिवारी एवं कार्यकारिणी सदस्य शैलेष शुक्ला ने पौधे लगाये। इस अवसर पर शाला के बच्चों की सक्रिय भागीदारी विशेष उल्लेखनीय रही।

### राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति, चिखली फ्लाई ओवर, महारानी स्कूल के पास निवासी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (गंडई वाले) पिता प्रहलाद अग्रवाल उम्र 77 साल का आज दिनांक 09 अगस्त 2025 शनिवार को स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। इनकी अंतिम यात्रा निज निवास से आज 10 अगस्त रविवार सुबह 11 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिये निकली। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजनों सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

### दीपक निर्मलकर का निधन



राजनांदगांव (दावा)। दीनदयाल कालोनी चिखली निवासी राजकुमार (राजू) निर्मलकर के ज्येष्ठ पुत्र दीपक निर्मलकर का 35 वर्ष की आयु में 10 अगस्त को लम्बी अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। जिसकी अंत्येष्टि गठुला नाला मुक्तिधाम में की गई। जिसमें नगर के गणमान्य जनों सहित सैकड़ों लोग एकत्र हुए। विदित हो कि दीपक निर्मलकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मोहारा ब्रांच में पदस्थ थे। मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।

### रूपसिंह साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम चिरचारीखुर्द निवासी रूपसिंह साहू सेवानिवृत्त शिक्षक का आकस्मिक निधन हो गया। इनकी अंतिम यात्रा में परिवारगण व ग्रामवासी उपस्थित थे, वे अपने पीछे नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए, सभी ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर अमर आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की।

# शुभ मुहूर्त में भाईयों की कलाईयों में सजी रंग-बिरंगी राखियां

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को भाई बहन के पवित्र प्रेम व अटूट स्नेह बंधन का प्रतीक इस रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह संयोग है कि इस बार भद्रा नक्षत्र की साया नहीं होने से बहने सुबह से ही देर शाम रात तक अपने प्यारे-प्यारे भैया की कलाई में रक्षा सूत्र बांधने में जुटी रही। इस दौरान बहनों ने शुभ मुहूर्त में अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उनके हाथों में रक्षा सूत्र बांधी और उनकी आरती उतार कर मुंह मीठा कराते हुए जुग-जुग जिए मेरे भैया की कामना की और भगवान से उनके उज्जवल भविष्य के लिए दुआएं मांगी। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान घर-परिवार का माहौल खुशियों से भरा रहा।

**० बिखरा प्रेम, प्यार, स्नेह और उल्लास के रंग**
**० बहनों ने की जुग-जुग जिए मेरे भैया की कामना**



### ब्रह्माकुमारी बहनों ने मूक-बधिर बच्चों को बांधी राखी

रक्षाबंधन के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहनों ने डोंगरगांव रोड स्थित आस्था मूक-बधिर शाला में बच्चों को राखियां बांधी। संस्था की निकहत परवीन ने बताया कि ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन, माहेश्वरी बहन, पूनम बहन, रोटियां, लोकेश्वरी बहन आदि ने दिव्यांग बच्चों को आत्मस्मृति का तिलक लगाया और उनके हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी प्रज्ञा बहन ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया और कहा कि बुराईयों को त्याग कर जीवन को श्रेष्ठ बनाना ही इसका असली अर्थ है। इस दिन मूंह मीठा करने का मतलब है कि हमें हमेशा मीठा बोलना चाहिए। कार्यक्रम में आस्था के संचालक हेमंत तिवारी, ब्रह्मकुमार झालम भाई, प्यारेलाल भाई सहित बड़ी संख्या में आस्था के दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति रही।

### जेल में बहनों ने अपने भाईयों को बांधी राखी

रक्षाबंधन के दिन जेल में रह रहे अपने भाइयों को बहनों ने राखी बांधी। इस दौरान उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। पर्व को देखते हुए जेल प्रशासन ने जेल में बंद भाइयों को राखी बांधने बहनों की सहुलियत के लिए इंतजाम किए थे। जेल प्रशासन द्वारा जेल प्रांगण में पंडाल लगाया गया था और यहां सामूहिक रुप से बंदी भाइयों को राखी बांधने की व्यवस्था बनाई गई थी। आरती के थाल सजाएं गए थे। तिलक के लिए अक्षत रोली कुमकुम की व्यवस्था की गई थी। जेल प्रशासन द्वारा बहनों को यहां सिर्फ मिठाई में सोन पापड़ी और राखी लेकर आने की व्यवस्था दी थी। जिसे लेकर वे जेल के अंदर गई और अपने भाईयों को राखी बांधते हुए उनका मुंह मीठा कराई। इस दौरान बहनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। बहनों ने भगवान से अपने भाईयों की लंबी उम्र की दुआएं मांगते हुए उनकी जल्दी रिहाई होने की प्रार्थना व कामना की।

### बाजार में रहा चहल-पहल का माहौल

रक्षाबंधन के दिन श्रावण मास का अंतिम दिन होने के कारण घरों व मंदिरों में देवी-देवताओं की विशेष पूजा अर्चना की गई। भगवान को रक्षा सूत्र अर्पित किया गया और घर-परिवार को लोगों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की गई। रक्षाबंधन पर्व के दिन बाजार में चहल पहल का माहौल रहा। जो बहने अपने भाईयों के लिए पहले से राखी नहीं खरीद पाई थी वे बाजार में अपने भाईयों को बांधने अपनी मनपसन्द राखियां खरीदती दिखी व इसके अलावा सौंदर्य प्रसाधन की चीजें व गिफ्ट आइटम की भी खरीदारी की। मिठाई दुकानों में खासी भीड़ देखी गई। पर्व पर राखी बांध कर अपने भाईयों का मुंह मीठा कराने मिठाईयां खरीदी। राखी त्योहार के दिन घरों में मीठे पकवान बनाए गए थे। इस अवसर पर लोग सपरिवार बैठ कर स्वादिष्ट व्यंजनों का आंनद उठाया। रक्षाबंधन पर्व के दिन ट्रेन व बसों में अपने भाईयों को राखी बांधने आने-जाने वाली बहनों की खासी भीड़ रही। दूर-दराज रहने वाले भाई - बहनों का पर्व मनाने के लिए दिन भर आवागमन बना रहा।

## राष्ट्रीय स्तरीय के संगीत तथा नृत्य में युगांतर का श्रेष्ठ प्रदर्शन



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में भी अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल की वर्णिका तिवारी ने एकल गायन (लाइव सुगम) तथा सर्वेश पुसटकर ने एकल गायन (कराओके फिल्मी) में कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई द्वारा आयोजित 'प्रज्ञोत्सव नेशनल कल्चरल एक्स्ट्रावेगेन्जा 2025' में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह युगांतर की राशि जोशी ने एकल गायन (लाइव सेमी क्लासिकल), अंकिता राय ने एकल गायन (लाइव सुगम) तथा हिमानी जोगी ने एकल गायन (कराओके फिल्मी) ने भी शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के बच्चों ने सामूहिक गीत गायन में तृतीय स्थान अर्जित करके खूब वाह-वाही बटोरी। 'संगीत विभाग' की ओर से टी विशाल ने गीतों को संगीतबद्ध किया। इनका वरिष्ठ रिदम शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल ने निर्देशन व तबला संगत किया तथा अक्षय केहरी, आकांक्षा चतुर्वेदी, लवली पॉल ने सहयोग प्रदान किया।

इसी तरह राष्ट्रीय स्तर की सामूहिक नृत्य प्रतिस्पर्धा में भी बच्चों ने तृतीय स्थान अर्जित किया। राष्ट्रीय छात्रवृत्तिधारी प्रसिद्धि सिंहा (कथक शास्त्रीय नृत्य) में द्वितीय स्थान अर्जित किया। यही नहीं राहुल बिस्वास तथा मयंक सिंहा ने राष्ट्रीय नृत्य (सेमी क्लासिकल) प्रतिस्पर्धा में प्रथम आकर सफलता का परचम लहराया। खुशबू चन्द्राकर तथा शताक्षी त्रिवेदी राष्ट्रीय नृत्य (सेमी क्लासिकल) प्रतिस्पर्धा में तृतीय स्थान अर्जित किया। 'संगीत तथा नृत्य विभाग' के मार्गदर्शन में यह सारी उपलब्धियाँ हासिल की गई। 'नृत्य विभाग' की ओर से अमीषा सोनी ने इन नृत्यों की कोरियोग्राफी अभिलाषा सिंह के सहयोग से की। विद्यार्थियों को निर्णायकों एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह तथा सर्टिफ़िकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य तथा प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में जूडो चौंपियनशिप का समापन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में चार दिनों तक चली सीबीएसई फारईस्ट जोन जूडो चौंपियनशिप का समापन समारोह को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

**मृणाल चौबे ने खिलाड़ियों को दिया प्रोत्साहन**

इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना से सभी का मन जीत लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मृणाल चौबे ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों उपस्थित रहे, जिनमें शामिल थे। करण कुमार मेहतो-सीबीएसई पर्यवेक्षक, ललित अग्रवाल- अध्यक्ष (शाला प्रबंधकगण), अतुल देशलहरा-सचिव (शाला प्रबंधकगण), डॉ.टी. कुमार, प्रिंसिपल, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी श्रीमती रेखा तिवारी, प्रिंसिपल, संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, अशोक पारख। अपने संबोधन में मृणाल चौबे ने कहा, 'जूडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन का अनुशासन और मानसिक दृढ़ता सिखाने वाला एक मार्ग है। आपस भी में भविष्य के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियन बनने की क्षमता है।'

अंडर-11, 14, 17 और 19 आयुवर्ग के विजेताओं को पदक प्रदान किए गए। खिलाड़ियों के चेहरों पर सफलता का गर्व और उल्लास स्पष्ट झलक रहा था। टीम प्रबंधकों को प्रेम-प्रतीक तथा मैच अधिकारियों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने कहा, 'यह आयोजन हमारे छात्रों और शहर के लिए गौरव का क्षण है। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी न केवल खेल में उत्कृष्ट हों, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन, सम्मान और मेहनत की मिसाल बनें।' स्कूल प्रबंधन ने विजेताओं को बधाई देते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। सी.बी.एस.ई. पर्यवेक्षक और मैच अधिकारियों के योगदान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस यादगार समापन समारोह ने खिलाड़ियों के मनमें एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया, जो आने वाले वर्षों में उनकी खेल-यात्रा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## शराब पीकर गांव वालों को परेशान करने वाले को भेजा गया जेल



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ थाने क्षेत्र के मोहारा पुलिस चौकी के गाव में शराब पीकर गांव वालों को परेशान करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है और उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

मोहारा पुलिस चौकी प्रभारी ढाल सिंह साहू ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा निर्देश पर असामाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी कडी में 8 अगस्त को उनके नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अन्या नवागांव में शराब पीकर गांव वालों को परेशान करने वाले कृष्ण वर्मा पिता स्व. घनश्याम वर्मा उम्र 43 साल निवासी ग्राम अन्या नवागांव पुलिस चौकी मोहारा को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 170, 126,135(3) बीनएसएसएस के तहत् कार्यवाही कर उसे एस.डी.एम. न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे उप जेल डोंगरगढ़ दाखिल किया गया।

## महाकाल यात्रा में राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण, धार्मिक व सामाजिक समरसता का दिखेगा अद्भुत संगम



राजनांदगांव (दावा)। सोमवार 11 अगस्त को सावन माह की पवित्रता और भक्तिभाव के साथ श्री चंद्रमोलेश्वर महाकाल की भव्य यात्रा निकाली जाएगी। जो 12 घंटे से अधिक समय तक चलेगी। महाकाल भक्त नीलू शर्मा व पवन डागा ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ प्रातः 8 बजे मोहड़ से होगा, सुबह 11 बजे यात्रा सिंगदई पहुंचेगी। जहां भक्तजन हर-हर महादेव के जयकारों के साथ महाकाल का स्वागत करेंगे। दोपहर 2 बजे हल्दी में यात्रा पहुंचेगी। इसके बाद शाम 4 बजे सिंघोला में अद्भुत धार्मिक माहौल के बीच महाकाल की भव्य पालकी का आगमन होगा। इस अवसर पर चारों नगरों में धार्मिक झांकियां, भजन-कीर्तन और फूल वर्षा के साथ अद्वितीय श्रद्धा वातावरण बनेगा। हजारों श्रद्धालु पूरे दिन महाकाल जी के जयकारों और दर्शन का लाभ लेंगे। सावन माह में यह आयोजन शहर और गांवों को एक धागे में पिरोने वाला अनूठा धार्मिक उत्सव बन चुका है।

## दंतेश्वरी शिशु मंदिर में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। दंतेश्वरी शिशु मंदिर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर डॉ. एन. भारद्वाज ने विद्यालय के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। दंतेश्वरी शिशु मंदिर में बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य और बेहतर देखभाल के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों की जांच प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एन. भारद्वाज द्वारा की गई। परीक्षण के दौरान बच्चों की ऊँचाई, वजन, दृष्टि, दंत स्वास्थ्य और सामान्य शारीरिक स्थिति की जांच की गई। साथ ही, डॉ. भारद्वाज ने बच्चों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता अपनाने के महत्व के बारे में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने डॉ. एन. भारद्वाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते रहेंगे ताकि बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## प्रमोद बागड़ी बने लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। शहर की सबसे प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ नादगांव का 50वां शपथ ग्रहण समारोह होटल कंवर पैलेस पुराना सिविल लाइन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी एवं विशेष अतिथि वक्ता लायन प्रितपाल सिंह बाली पूर्व डिस्टिक गवर्नर एवं रीजन चेयरमैन लायन राजकुमार शर्मा, जोन चेयरमैन लायन शारदा तिवारी के गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। उक्त शपथ ग्रहण लायंस इंटरनेशनल के विधि विधान से शपथ अधिकारी द्वारा शपथ दिलाते हुए लायन पुसरी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था लायंस इंटरनेशनल अपने सेवा कार्यो से पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है और इसके पदाधिकारी एवं सदस्य अपने सेवा कार्यो से समाज में प्रतिष्ठित हैं विशेष अतिथि पूर्व गवर्नर लाइन प्रितपाल सिंह बाली ने कहा कि सेवा कार्य एक पारिवारिक संगठन के रूप में पूरे विश्व में लायंस क्लब इंटरनेशनल अपनी एक अलग पहचान रखता है जो वर्षो से पीड़ित मानवता की सेवा करते आ रहा है।

सभी लायंस इंटरनेशनल के सम्मानित पदाधिकारी के रूप में शपथ लिए हैं, उन्हें अच्छे सामाजिक कार्यो के लिए शुभकामनाएं दी। 50वे वर्ष के नवनियुक्त क्लब पदाधिकारी के रूप में संचालक मंडल के सदस्य लायन दिलीप खंडेलवाल, लायन अमलेंदु हाजरा, लायन अशोक श्रीवास्तव, लायन कपिल, अध्यक्ष लायन प्रमोद बागड़ी, प्रथम उपाध्यक्ष लायन सुदीप भट्टाचार्य, द्वितीय उपाध्यक्ष राजेश कोटडिया, तृतीय उपाध्यक्ष ऋषभ नाहटा, कोषाध्यक्ष लायन संदीप सिंह, सचिव योगेश गुप्ता, सह सचिव मनमोहन साहू, टेमर लाइन राहुल लालवानी, ट्वेल ट्विस्टर नवीन तिवारी, सदस्यता विस्तार अध्यक्ष लायन दिलीप खंडेलवाल, क्लब सर्विस अध्यक्ष लाइन आनंद वर्गीस, एडमिनिस्ट्रेटर लायन एचबी गाजी, आईसीआई कोऑर्डिनेटर लाइन नंदकिशोर खंडेलवाल, क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लाइन ललित भंसाली, पूर्व अध्यक्ष फोरम लायन अशोक कोटडिया, लायन अमलेंदु हजरा, लायन एम जे एफ लायन प्रमोद बागड़ी, लायन आनंद वर्गीस, लायन ललित भंसाली, लायन एचबी गाजी, लायन दिलीप खंडेलवाल ने नई कमेटी के पदाधिकारी के रूप में शपथ ली।

पूर्व निवृत्तिमान अध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल द्वारा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन लायन राजकुमार शर्मा, जोन चयरमैन लायन शारदा तिवारी, लायन मोहन सिंह छाबड़ा ने भी नए पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए लायंस इंटरनेशनल के द्वारा वर्ष भर के निर्धारित कार्यक्रमों एवं सामाजिक कार्यो को संपन्न करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में लायन सचिव योगेश गुप्ता द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर लायन राहुल ललवानी, लायन सुमंत बख्शी, श्रीमति पुजा बख्शी, लायन दिनेश अग्रवाल, लायन सुरज खंडेलवाल, लायन जुगल किशोर खंडेलवाल, लायन दिलीप पात्रे, श्रीमति नीता पात्रे, श्रीमति सबीहा गाजी, श्रीमति वर्षा कोटड़िया, लायन श्रेणिक गोलछा, लायन यश नाहटा, लायन आकाश चोपड़ा, लायन आकाश भंसाली, अनिष जैन उपस्थित रहे और उन्होंने भी नवगठित समिति को अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी लायन जनसंपर्क अधिकारी द्वारा प्रदान की गई।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th Aug to 13th Aug 2025



Son Of Sardaar 2 - 12:15, 03:15 and 09:00 pm
Dhadak 2 - 06:00 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Saiyaara - 12:00, 03:00, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
सुपरहिट
सैयारा
अहान पांडे, अनिता पड्डा, वरूण बडोला, आलम खान



14 अगस्त से वार-2
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कबीरधाम
C/O कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम
ग्राम एवं पोस्ट- महाराजपुर, राजनांदगांव रोड, तह- बोड़ला, जिला- कबीरधाम
ई- मेल poly_kabirdham@rediffmail.com वेब साइट www.gpkabirdham.ac.in
दूरभाष क्रमांक- 07741-232636, 07741-233306

क्रं./शापॉक/स्था. 2025/.......... कबीरधाम, दिनांक

**walk-in Interview for part time lecturer**

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कबीरधाम में निम्न विषय में पूर्णतः अस्थाई रूप से अंशकालीन आधार पर व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को अपने बायोडॉटा, मूल दूस्तावेजों एवं 01 सेट छायाप्रतियों के साथ वाक-इन इन्टरव्यू के लिए संस्था में आमंत्रित किया जाता है।

| स. क्र. | विषय | रिक्त | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हतायें | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 01 | संबंधित संकाय में बी.ई./बी. टेक और एम.ई/एम. टेक में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष चाहे बी.ई/ बी.टेक और एम. ई./ एम.टेक में से कोई भी हो। | 14.08.2005 |
| 02 | कम्प्यूटर सांइस | 01 | | |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी संस्था के वेबसाइट www.gpkabirdham.ac.in में प्राप्त करें। उक्त पद की संख्या कम/ज्यादा अथवा निरस्त किया जा सकता है।

जी- 252602712/2
प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम

# आज से खाटू श्याम के प्यारी गुरु मां की तीन दिवसीय जयंती महोत्सव प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। शहर के रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्यामकुटी में बने श्री दासीश्याम प्रभु के दरबार व श्री खाटु मंदिर में श्री श्यामकुटी परिवार एवं श्री दासश्याम मंडल के श्रद्धालुओं द्वारा अपनी प्यारी श्रीगुरू मां की 26वीं जयंती आज 11 अगस्त से तीन दिवसीय महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा इसकी जोर-शोर से तैयारियां कर ली गई है।

**○ शहर में निकलेगी कल भव्य शोभायात्रा**
**○ शहर में तीन दिन तक बिखरेगा खाटू श्याम के भजन कीर्तन का जलवा**

बताया गया कि प्यारी गुरु मां की जयंती महोत्सव 11, 12 व 13 अगस्त 3 दिन का होगा। इसके प्रथम दिवस पर स्टेशन पारा के शक्तिधाम में सुप्रसिद्ध भजन गायक व श्री हनुमान जी का सुंदरकाण्ड का हजारों कार्यक्रम करने वाले पं. निखिल मिश्रा व पं. श्री श्याम शर्मा द्वारा भजन गायन कार्यक्रम आयोजित है। जयंती महोत्सव में संतजन एवं श्रीश्याम कुटी परिवार के श्रद्धालु-सेवकगण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

बता दें कि कार्तिक की तुलसी ग्यारस को श्री श्याम कुटी परिवार ने अपने श्री दासी श्याम प्रभु की 25 जयंती व रजत जयंती वर्ष तथा श्री खाटु वाले श्रीश्याम प्रभु की स्थापना के 50 वें वर्ष होने पर रजत एवं स्वर्ण महोत्सव एक साथ मनाया था। जिसकी सुमधुर स्मृतियां अभी भी अपने मन में सजोये हुए है। जिसकी चर्चा भी इस 26वीं जयंती महोत्सव पर आने वाले भक्तजन मिल बैठकर करेंगे।

श्री खाटुश्याम की नगरी खाटु में बने विशाल प्रवेश द्वार की तरह श्री श्यामकुटी परिवार भी एक विशाल श्री श्यामशक्ति द्वार का निर्माण श्यामकुटी के पास करवा रहा है, जिसकी प्रक्रिया भक्तजनों ने शुरू कर दी है।

### शहर में निकलेगी प्यारी गुरु मां की भव्य शोभायात्रा

जयंती के द्वितीय दिवस 12 अगस्त, मंगलवार को प्रतिदिन की तरह श्री दासीश्यामप्रभु की आरती, भजन, सतसंग, कीर्तन के पश्चात शाम के 6 बजे श्री दासी श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। जो शहर भ्रमण के पश्चात स्टेशन पारा के शक्तिधाम जावेगी।रजत एवं स्वर्ण जयंती तो श्री दासीश्याम मंडल ने 2024 में मना ली है और अब जयंती पर्व की 50वीं स्वर्ण जयंती तथा श्री श्यामप्रभु की स्थापना के 75 वर्ष होने पर हीरक जयंती मनायी जायेगी। स्वर्ण व हीरक जयंती दोनो एक साथ मनाने का भक्तों ने अपना मन बना लिया है। जयंती पर्व के तृतीय दिवस पर सुबह 8 बजे श्री दासीश्यामप्रभु ज्योत भी समस्त भक्तों द्वारा ली जावेगी और भजन- कीर्तन, सतसंग के पश्यात 13 अगस्त को रात 9 बजे से स्टेशन पारा के शक्तिधाम भजन, जागरण सुबह 6 बजे तक किया जावेगा। श्री श्यामकुटी परिवार के बच्चों द्वारा अपनी-अपनी सेवाएं भजन लिखने वाले, भजन गाने वाले, साज बजाने वाले, श्रृंगार करने वाले, प्रसादी व्यवस्था के साथ पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था करने वाले अपनी सेवाएं दे रहे है। यहां कई वर्षो से आ रहे भक्तों व उनके बेटे, बहु, पोते-पोती तथा बेटियां-जवाई और नाती-नतीन भी दरबार को मनाने लगे है और अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है।

# आज मिनी माता निर्वाण दिवस, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आएंगे

राजनांदगांव(दावा)। तत्कालीन मध्यप्रदेश के प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनी माता जी का 52 वां निर्वाण दिवस आज सोमवार 11 अगस्त को गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में मनाया जा रहा है।

जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह है। अध्यक्षता डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल द्वारा की जाएगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढीरहेर ने बताया कि आज 11 अगस्त सोमवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित उक्त गरिमामय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, पूर्व केबिनेट मंत्री धनेश पाटिला, भाजपा महामंत्री रामजी भारती पूर्व विधायक भूवनेश्वर बघेल, श्रीमती सरोजनी बंजारे, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, नगर निगम सभापति पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व डिप्टी कलेक्टर एच आर सोनेश्वर, डॉ. प्रकाश खूंटे आदि उपस्थित रहेंगे।

# मोहल्ले में अशांति फैलाने वाले जेल की सीखचों के पीछे



गराजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मुहल्ले में अशांति फैलाने वाले आरोपियों को धर दबोचा है और उन्हें न्यायालय में पेश करते हुए उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

**अपराधिक प्रवृति के दो लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत की गयी कार्रवाही**

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर उनके नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में असमाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है।

रविवार 10 अगस्त को ग्राम फरहद एवं ग्राम रेवाडीह में वाद-विवाद की सूचना पर मौके पर रवाना होकर अनावेदक रमेश सिंह कंवर पिता उमेंद सिंह 24 साल निवासी रेवाडीह व संदीप उर्फ बाबू साहू पिता अगनु राम 23 साल निवासी फरहद को घटना स्थल पर पुलिस एवं आसपास लोगो द्वारा समझाने का प्रयास किया, किन्तु अनावेदकगण समझने को राजी न होकर अधिक उत्तेजित होकर मारपीट पर आमदा हो गया। गांव में असामाजिक रूप से अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार कर धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जिला जेल में निरूद्ध किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित प्रआर. प्रभात तिवारी राजकुमार बंजारा, कमल किशोर यादव, राकेश ध्रुव, राकेश ठावरे की भूमिका सराहनीय रही।

# शत्रु का कोई नाम व रूप नहीं होता- मुनि वीरभद्र



राजनांदगांव (दावा)। जैन संत विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं तपस्वी संत वीरभद्र(विराग) मुनि ने कहा कि जितना सहज तरीके से चल सको चलो। शत्रु का कोई नाम व रूप नहीं होता। कोई भी कहीं से भी आकर दुख दे सकता है। जब तक स्वार्थ है तब तक दुख मिलता रहेगा। जैन बगीचे के नए हाल में संत वीरभद्र(विराग) मुनि ने कहा कि बाह्य पदार्थो में सुख ढूंढना बंद करें। जब तक बाह्य पदार्थो में सुख दिखाता रहेगा तब तक हम भटकते रहेंगे। यह कल्पना का सुख है। वास्तविक सुख तो अंदर की है जिसे पाने के लिए हमें कषायों का त्याग करना होगा। बाहरी सुख देखते रहेंगे तो मोक्ष की ओर कैसे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि जितने पाप का त्याग कर सके, करें। जितने नियमों का पालन कर सके, करें। पाप को त्याग कर और नियमों का पालन करने के बाद आप आंतरिक सुख की अनुभूति कर पाएंगे। जैन संत ने फरमाया कि सम्यक दर्शन का कनेक्शन बाहरी दुनिया से नहीं है। इसका कनेक्शन मात्र और मात्र आत्मा से हैं। अपने अवगुणों को मारकर कषायों को खत्म करें। जब तक कषाय खत्म नहीं होंगे तब तक हम मोक्ष मार्ग में बढ़ नहीं सकते। रोग आने का मुख्य कारण मन की अस्वस्थता है। क्रोधी व्यक्ति किसी के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर सकता। जो व्यक्ति अपने पर कंट्रोल नहीं रख सकता वह व्यक्ति कोई भी कार्य सही नहीं कर सकता। आवेश जब बढ़ जाता है तब आप लोगों को सलाह नहीं दे सकते। जब तक व्यक्ति क्रोध को नहीं छोड़ देता, उसका मन शांत नहीं हो सकता और वह साधना मार्ग में आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए क्रोध का त्याग करें और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़े। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

**जो अपने पर कंट्रोल नहीं रख सकता वह कोई भी कार्य सही नहीं कर सकता- मुनि वीरभद्र**

# छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल में मध्यप्रदेश को हराकर रचा इतिहास



राजनांदगाँव (दावा)। आंध्रप्रदेश के तटीय जिले काकीनाडा में 1 से 12 अगस्त तक आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने मध्यप्रदेश और कर्नाटक के खिलाफ दो महत्वपूर्ण मैच जीतकर इतिहास रच दिया। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी ने बताया कि देश के सबसे बड़े जूनियर वर्ग के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए गत वर्ष कि उप विजेता मध्यप्रदेश को रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टीम ने पूरे मैच में शानदार तालमेल, गति और रणनीति का प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ ने शानदार शुरुआत करते हुए मैच के दूसरे मिनट में ही फॉरवर्ड यशोदा के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त बना ली थी । इसके बाद मध्य प्रदेश ने मैच के 15वे मिनट में हुदा खान के गोल से बराबरी कर ली। निर्धारित समय तक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ। निर्णायक शूटआउट में गोलकीपर ज्योति रानी के बेहतरीन बचाव और स्ट्राइकर्स की सटीक फिनिशिंग से छत्तीसगढ़ ने 2-1 से जीत दर्ज की। इस पूरे मैच में यशोदा ने 1 और रुखमणि ने 2 गोल किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चेतना रानी दास को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। इससे पहले पूल मैच में छत्तीसगढ़ की टीम ने कर्नाटक को 6-1 से पराजित किया था। राजनांदगाँव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत के बाद टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रवाना हुई थी और अब तक के प्रदर्शन से उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतरी है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि बेटियाँ हरियाणा के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मैच में भी दमदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने प्रदेश के हॉकी प्रेमियों में गर्व और उत्साह भर दिया है। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पहले भी छत्तीसगढ़ की बेटियाँ 2023 में राउरकेला में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में ओडिशा को हराकर सुर्खियों में रही थीं। टिम के शानदार प्रदर्शन पर भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान अर्जुन अवॉर्डी सुश्री असुंता लकड़ा और मुख्य चयनकर्ता प्रबल प्रताप पांडे ने मैदान पहुंच कर खिलाड़ियों को बधाई दी। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से खेलने वाली खिलाड़ी हैं-ज्योति रानी, भूमिका धनकर, मीनाक्षी उमरे, मौलिशा वर्मा, यशोदा, रुखमणि, नेहा कुमारी, दामिनी खुशरो, मधु सिदार, परमेश्वरी सोढ़ी, शीतल यादव, चेतना रानी दास, आंचल, केशरानी साहू, मनीषा पटेल, डॉली निषाद, नेहा धुर्वे एवं श्रुति पांडेय। टीम के कोच अनीश अहमद और टीम की मैनेजर संजना साहू हैं।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भारत छोड़ो आंदोलन का महत्व अतुलनीय



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांति दिवस (भारत छोड़ो आंदोलन) के महत्व को रेखांकित करते हुए और देश की स्वतंत्रता के लिए मर-मिटने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज 9 अगस्त को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यों का स्मरण किया गया, साथ ही इस अवसर पर आजादी के शहीद वीर योध्दाओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण/ पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन पर विचार-गोष्ठी आयोजित की गयी।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, राज्य कैंपा के पूर्व सदस्य पंकज बांधव एवं वरिष्ठ नेता ग्रामीण कांग्रेस महामंत्री इकरामुद्दीन सोलंकी ने उपस्थित कांग्रेसजन को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांति दिवस के महत्व के बारे में बताया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष याहया खान, भरत सोनी, डॉ.आर कुमार, मुस्तफा जोया, मनीष सिमनकर, संदीप जायसवाल, संदीप सोनी, अरमान साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अमित चंद्रवंशी तथा उपस्थित कांग्रेसजन का आभार शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन ने किया।

# लोक कलाकार गोविंद साव को मिला मानद डॉक्टरेट की उपाधि



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों की कर्मभूमि राजनांदगांव में अनेको व्यक्तित्व ने जन्म लिया हैं। उनकी सांस्कृतिक पद चिन्हों को आगे लेकर जाने वाले प्रसिद्ध बैंजो वादक गोविंद साव ने यह साबित कर दिया कि समर्पण, साधना और संस्कृति के प्रति प्रेम कभी व्यर्थ नहीं जाता। इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली द्वारा उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह न केवल एक कलाकार का सम्मान है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा, वाद्य कला और सांस्कृतिक धरोहर की वैश्विक पहचान का प्रतीक बन गया है।

गौरतलब है कि गोविंद साव का जीवन केवल एक कलाकार का नहीं, बल्कि एक लंबा संघर्ष, जिसमें 32 वर्षों की तपस्या, अनगिनत मंचों पर प्रस्तुतियाँ और लोक संस्कृति की सेवा के प्रति अटूट निष्ठा शामिल है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत को जिस सजीवता और आत्मा से प्रस्तुत किया, वह प्रदेश के हजारों लोक कलाकारों के लिए मार्गदर्शन बन गया है।

गोविंद साव को बैंजो वाद्ययंत्र के पर्याय के रूप में जाना जाता है। उनकी अंगुलियों का जादू ऐसा है कि बैंजो के तारों से लोकधुनों की आत्मा झंकृत होती है। उनकी बैंजो वादन शैली ने छत्तीसगढ़ी गीतों को नई ऊंचाई दी है और देशभर में उनके इस हुनर को सराहा गया है। उन्होंने अपने वाद्य से लोक जीवन की धड़कनों को सजीव कर दिया है।

केवल स्वयं की साधना तक सीमित न रहकर गोविंद साव ने 'खुमान संगीत अकादमी छत्तीसगढ़' के माध्यम से नवोदित कलाकारों को प्रशिक्षण देने का बीड़ा उठाया है। वे युवा पीढ़ी को लोक कला का महत्व सिखा रहे हैं, जिससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति नई पीढ़ी तक सशक्त रूप से पहुंचे और अक्षुण्ण बनी रहे।

मानद डॉक्टरेट प्राप्त करना निश्चित रूप से गर्व का विषय है, लेकिन गोविंद साव इसे एक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हैं। उनका कहना है कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को विश्व मंच पर पहुँचाने के संकल्प को और भी मज़बूत करता है। वे आने वाले वर्षों में और अधिक युवाओं को इस लोक संस्कृति के सफर से जोड़ने का कार्य जारी रखेंगे। सभी शुभचिंतकों और वरिष्ठ कलाकारों गुरुजनों ने गोविंद साव को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# बख्शी हायर सेकंडरी स्कूल में 162 छात्राओं को साइकिल वितरण



राजनांदगांव (दावा)। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आत्मानंद स्कूल में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 162 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति छग शासन के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने किया। विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा शाला के प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे वार्ड पार्षद श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा, पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव, शेखर यादव, समाज सेवी राजेश गुप्ता अग्रहरि उपस्थित थे।

**महापौर ने कहा- बेटियां पढ़ेंगी तो आगे बढ़ेंगी**

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा हमारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह की मंशा है कि देश की बेटियां पढ़ेगी तो आगे बढ़ेगी बेटियों को स्कूल आने में दिक्कत न हो इसलिए सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया जा रहा है और इस शाला में 162 छातरौओ को सायकल प्रदान किया जा रहा है, साथ ही एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया गया जनभागीदारी समिति के मांग पर मंच पर शेड निर्माण एवं काउकेचर निर्माण कार्य की घोषणा किया गया। इस जनभागीदारी समिति के सदस्यगण लोमश साहू, राजेश यादव, चेतन यादव, श्रीमती गीता मारिया, मोहन सिन्हा, नरेश सारथी, शैलेन्द्र साहू, राजू साहू, शिक्षक ओ.पी.देवांगन, डी.एल. देवांगन, टी आर साहू, शेख सर कोहली मेडम सहित शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

# लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी गायत्री गुरुकुल द्वारा आयोजित सुहानी यादें कार्यक्रम में संगीतप्रेमियों ने लिया सुरों का आनंद



राजनांदगाँव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित संगीत संस्था 'संगीत सरिता' द्वारा वार्षिक संगीतमय संध्या 'सुहानी यादें' का भव्य आयोजन आज दिनांक 7 अगस्त 2025 (गुरुवार) को सायं 7 बजे स्व. गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम, गौरवपथ में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस निःशुल्क कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों संगीत प्रेमी सपरिवार उपस्थित हुए और सुरों की इस अनुपम शाम का भरपूर आनंद लिया। मंच पर प्रस्तुत किए गए सुमधुर व कर्णप्रिय गीतों ने श्रोताओं को पुरानी यादों में डुबो दिया। कार्यक्रम की हर प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की खूबसूरत साज-सज्जा, उत्तम ध्वनि व्यवस्था और मनमोहक गायन ने इस शाम को अविस्मरणीय बना दिया। संगीत सरिता द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित इस संध्या को लेकर संगीत प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा गया। इस आयोजन को सफल बनाने में गायत्री गुरूकुल, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में संगीत सरिता परिवार की ओर से सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में ऐसे और भी संगीतमय आयोजनों का आश्वासन दिया गया। यह संगीतमय संध्या नगरवासियों के लिए एक मधुर और भावविभोर करने वाला अनुभव रही। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, कार्यक्रम के संयोजक पीएमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा (रीजन चेयर पर्सन) एवं लायन मनोज गुप्ता थे। लायन शारदा तिवारी (जोन चेयर पर्सन) पीएमजेएफ लायन, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल लायन कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, लायन विजय कोटड़ीया, लायन दीपक जैन, लायन कमल किशोर साहू लायन मुकेश शर्मा, लायन अंकित दुआ, लायन मुकेश चौबे, लायन कंचन चौबे, लायन राजा माखीजा, लायन संजय तेजवानी, लायन नेहा गुप्ता, लायन शोभा शर्मा लायन लायन चंद्रिका प्रसाद सिन्हा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के सचिव लायन मयंक शर्मा ने दी है।

# यादव समाज के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की तैयारी जोरों पर : विभिन्न समितियों का किया गठन



राजनांदगाँव (दावा)। यादव समाज द्वारा इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 15 अगस्त को बाइक रैली तथा 16 अगस्त को विशाल शोभायात्रा शामिल है। उक्त कृष्ण जन्मोत्सव यादव समाज के सभी वर्गों एवं शाखाओं का संयुक्त आयोजन है, जिसमें राजनांदगांव नगर के झेरिया, कोसरिया, ठेठवार आदि सभी वर्गों के स्वजातीयजन शामिल होंगे। आयोजन समिति द्वारा उक्त कार्यक्रम के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। बाइक रैली में पुरुषों के लिए सफेद वस्त्र तथा युवतियों एवं महिलाओं के लिए लाल रंग की शूट अथवा साड़ी निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार शोभायात्रा के दिन महिला, पुरुष, बच्चे सभी के लिए पीले रंग का ड्रेस निर्धारित किया गया है तथा समस्त स्वजातीयजनों से उक्त निर्धारित रंग के अनुसार पोशाक पहनकर आयोजन में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिसमें मुख्य संरक्षक महापौर मधुसूदन यादव के साथ कार्तिक राम यादव, नारायण यादव, मन्नु यादव, पुनाराम यादव, गरीबाराम यादव, मैकुलाल यादव, वासुदेव यादव, रामदास यादव, नारायण यादव, गणेश यादव, बलीराम यादव, बृजलाल यादव, दिलीप यादव, मंगल यादव, तेज लाल यादव, नरेश यादव, राजेन्द्र गुरूजी, संतोष यादव, मनहरण यादव, टिकम यादव, नरसिंग यादव, कृष्णा यादव, रामलाल यादव, और कुंभलाल यादव को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार महिला संरक्षक मंडल में श्रीमती मालती यादव, श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती शीला यादव, श्रीमती करूणा यादव, श्रीमती कुन्ती यादव, श्रीमती बिन्दा यादव एवं श्रीमती प्रमिला यादव शामिल हैं।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा और झांकियों के सुचारू संचालन, शांति-सुरक्षा तथा सुगम यातायात के लिए प्रभारी का दायित्व मन्ना लाल यादव, राधेलाल यादव, भोला यादव, हरीश यादव (गुरुदेव), दुर्गेश यादव, उपेन्द्र यादव, राकेश यादव, महेश यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, पुनाराम यादव, राजेश यादव, हरीश यादव, रंजित यादव, रितेश यादव, धन्ना यादव, लक्ष्मण यादव, मुन्ना यादव, शेखर यादव ( पार्षद), किसुन यदु पूर्व नेता प्रतिपक्ष, प्रेम शंकर यादव, सुदेश यादव, महेश यादव, अमन यादव, दुष्यंत यादव, संतोष यादव, मोन्टू (मदन) यादव, शेखर यादव (पत्रकार), भागवत यादव, कृष्णा यादव, संतु यादव, रामू यादव, केशर यादव, मुन्ना यादव, संतोष यादव, रिभय यादव, रित यादव, चेतन यादव, श्रीमती सुशीला यादव, मीना यादव (पूर्व पार्षद), सुश्री मधु यादव, श्रीमती राजकुमारी यादव, श्रीमती हिरौंदी यादव, खेमीन यादव (पार्षद), श्रीमती निर्मला यादव, श्रीमती प्रिया यादव एवं श्रीमती कांता यादव को सौंपा गया है। 15 अगस्त को आयोजित बाईक रैली के प्रभारी विनोद बंटी यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, हरीश यादव, रितेश यादव, विजय यादव, लव यादव, दिग्विजय यादव, उमेन्द्र यादव, मोहित सर्पा, विकास यादव, भोला यादव, सौरभ यादव, नीतेश यादव, शुभम यादव, विजय यादव, सुश्री मधु यादव, श्रीमती देवकी यादव (शिक्षिका), सुश्री बबीता यादव, श्रीमती जया यादव (पूर्व पार्षद), श्रीमती दीप्ती यादव एवं सुश्री केतिका यादव बनाये गये हैं। इसी प्रकार पूजा-अर्चना के प्रभारी का दायित्व महेश यादव, श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती मीना यादव, श्रीमती शीला यादव, श्रीमती कुंती यादव, श्रीमती लीला यादव एवं सुश्री शैल यादव (पूर्व पार्षद) को सौपा गया है। इसी प्रकार शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए निगरानी समिति का गठन भी किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से मन्ना यादव, भोला यादव, हरीश यादव, गरीबा यादव, सुदेश यादव, राधे लाल यादव, महेश यादव, शीलू यादव, उपेंद्र यदु, विनोद बंटी यादव, दुर्गेश यादव, दुर्गा यादव, रितेश यादव, हरीश यादव, जितेंद्र यादव वकील, राकेश यादव, लक्ष्मण यादव, अमन यादव, राजेश यादव आदि शामिल हैं। पूनाराम यादव एवं भोला यादव प्रचार प्रसार प्रभारी बनाए गए हैं। उक्त आयोजन को लेकर पूरे यादव समाज में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य विभिन्न वार्डो एवं मोहल्लों में बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए।

## अनमोल दावा

**अगर आप अपनी गलतियों से सीख लेते हैं तो गलतियाँ आपके लिए सीढ़ी है।**

## सम्पादकीय

# मोदी की चीन यात्रा : संबंधों के समीकरण बदल रहे हैं

अंतराष्ट्रीय संबंधों में ऊथलपुथल साफ दिखाई दे रहा है। संबंधों के समीकरण बदलते ही रहते हैं, ये कोई खास बात नहीं है। समयान्तर में विविध देशों के बीच के संबंधों में उतार-चढ़ाव आते ही रहते हैं। चंद दिनों पहले डोनाल्ड ट्रम्प भारत के निकटतम मित्र थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी-डोनाल्ड ट्रम्प के संबंध भी मैत्रीपूर्ण थे। अब ये दोनों ही देश व उनके नेता के संबंधों में कडुवाहट आ गई है। पहले 25 प्रतिशत टेरिफ की बात करने वाले ट्रम्प ने और 25 प्रतिशत टेरिफ लगाया है, जो अब कुल 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इससे भारत और अमेरिका की दोस्ती दांव पर लग गई है। चकित करने वाली बात यह कि भारत का चिरपरिचित शत्रु चीन अब भारत के निकट आ रहा है। भारत-चीन फिर से दोस्त बन जाए तो यह आश्चर्यजनक नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी चीन की यात्रा करने वाले हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन भी भारत आ सकते हैं। 31 अगस्त और एक सितम्बर 2025 को चीन के तियानजिन में शांघाई के कारपोरेशन आरगेनाईजेशन की बैठक का आयोजन है। जहां पी.एम. मोदी उपस्थित रहेंगे। चीन जाने के पहले मोदी जापान भी जाने वाले हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का विचित्र रवैया हैरान करने वाला है। पूरा विश्व भविष्य के आर्थिक संकट को समझने का प्रयास कर रहा है। भारत सहित अन्य कई देश ट्रम्प के इस अप्रत्याशित व्यवहार से विक्षुब्ध हैं। अमेरिका, रूस और युक्रेन युद्ध को खत्म करने की फिराक में था। किन्तु, जिन देशों के साथ रूस से संबंध हैं, उन्हे ट्रम्प की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से क्रुड तेल खरीदना बंद कर दे। किन्तु, हमारे देश ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि भारत अपने हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। अमेरिका भारत के साथ अपने शर्तों के साथ डील करना चाहता है। उधर, डोनाल्ड ट्रम्प अब पाकिस्तान को तवज्जों दे रहे हैं। इस तरह, वे भारत को उत्तेजित करना चाहते हैं। वैसे, ट्रम्प का दिमाग स्थिर नहीं है। इस कारण, उनकी हर बात को तय समझ लेना, ये ठीक नहीं होगा। वे कभी भी यु-टर्न ले सकते हैं। वैसे, यह तो तय है कि डोनाल्ड ट्रम्प भारत पर लगाए टैरिफ को वापस भी ले ले तब भी भारत-अमेरिका में पूर्ववत रहे मधुर संबंधों में थोड़ी कडुवाहट तो बनी रहेगी। चीन और भारत नजदीक आ गए तो अमेरिका इससे बड़ा प्रभावित होगा।

भारत और चीन के बीच एक समय अच्छे संबंध थे। नरेन्द्र मोदी के साल 2014 में प्रधानमंत्री बनते ही उन्होने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत आमंत्रित करके उनका भव्य स्वागत किया था। मोदी भी अभी तक पांच मरतबे चीन की यात्रा कर चुके हैं। मोदी और जिनपिंग के बीच सीधे आमने-सामने बात हो चुकी है। गलवान की घटना तक दोनों देशों के संबंधों में मीठास थी। साल 2020 में भारत चीन की लद्दाख बार्डर की गलवान घाटी में चीन और भारत की सेना के बीच हिंसक भिड़न्त हुई थी। जिसमें हमारे देश के 20 जवान शहीद हो गए थे। वैसे, चीन 40 जवानों के मारे जाने की बात कर रहा था। गलवान की घटना के बाद दोनों ही देशों के बीच के संबंध नहींवत् जैसे हैं। इधर, चीन और अमेरिका के संबंध तो पहले से बिगड़े हुए हैं। स्वाभाविक रूप से भारत और चीन के बिगड़े संबंधों से अमेरिका प्रसन्न था। अमेरिका के इर्द-गिर्द अजीबोगरीब रचना है। रूस, चीन, ईरान, पाकिस्तान, तुर्की, नार्थ इरान जैसे अन्य कई देश अमेरिका के विरूद्ध एक जुट हो गए हैं। वे अमेरिका को टक्कर भी दे रहे हैं।

भारत अपनी तटस्थता के लिए जाना जाता है। ऐसे वातावरण में भारत यदि अमेरिका के विरूद्ध हुई लाबी की ओर झुकता है तो इसे स्वाभाविक ही कहा जाए। किन्तु, यह स्थिति अमेरिका के लिए चिन्ताजनक है। भारत ने वैसे सदैव ही अमेरिका के हित का समर्थन किया है, इसका पक्षधर रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत दिनों कहा था कि भारत किसानों, पशुपालकों और मछुवारों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। टेरिफ के बाबत मोदी ने यह भी कहा था कि मुझे व्यक्तिगत इसकी कीमत भी चुकानी पड़ सकती है। किन्तु, इसके लिए हमारा देश सुसज्ज है। अमेरिका को स्पष्ट संदेश प्रधानमंत्री ने दिया है कि वह ब्लेकमेलिंग बर्दाश्त नहीं करेगा। भविष्य में वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के मध्य के संबंधो में नए समीकरण आकार ले सकते हैं।

# भारत में कृषि क्रांति तेज गति से जारी



**शिवराज सिंह चौहान**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, निरंतर सुधारों और किसान-केंद्रित पहलों के कारण कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है और देश ने धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। कृषि वर्ष 2024-25 के लिए प्रमुख कृषि फसल उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2024-25 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 353.96 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो अब तक का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादन होगा और वर्ष 2014-15 (252.02 मिलियन टन) की तुलना में यह 40 प्रतिशत अधिक रहेगा।

1960 के दशक से पहले की जड़ता और खाद्य असुरक्षा को पीछे छोड़ते हुए आज भारतीय कृषि खाद्य अधिशेष प्राप्त करने की स्थिति में आ गयी है, जिससे माल्थस की यह धारणा गलत साबित होती है कि जनसंख्या वृद्धि, खाद्य उत्पादन की तुलना में अधिक हो जाएगी। 1967 में, विलियम और पॉल पैडॉक ने भारत में अकाल की भविष्यवाणी की थी। उनका दावा था कि देश अपनी बढ़ती आबादी का पेट नहीं भर पाएगा। उन्होंने खाद्य सहायता के खिलाफ विवादास्पद तर्क दिया था, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे भविष्य में भुखमरी और बढ़ेगी।

उच्च उपज वाले चावल और गेहूं की किस्मों, कृषि रसायनों और सिंचाई से संचालित हरित क्रांति ने पैडॉक की भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 1966-67 के 74 मिलियन टन से बढ़ाकर 1979-80 तक 130 मिलियन टन हो गया। वार्षिक वृद्धि 8.1 मिलियन टन (2014-2025) के शिखर-बिंदु को छूते हुए 354 मिलियन टन तक पहुंच गई। बागवानी फसलें भी 1960 के दशक के 40 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में 334 मिलियन टन हो गई, जिसमें हाल ही में 7.5 मिलियन टन की वार्षिक वृद्धि हुई है। विपरीत परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम किस्मों और अनुकूल कृषि पद्धतियों में प्रगति के कारण फसल उत्पादन में भी अधिक स्थिरता आयी है।

भारत के डेयरी, मुर्गीपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 1970 के दशक में शुरू हुई श्वेत क्रांति ने दूध उत्पादन को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 2023-24 तक 239 मिलियन टन कर दिया, जो पूरे यूरोप के बराबर है। 1980 के दशक की नीली क्रांति ने मछली उत्पादन को 2.4 मिलियन टन से बढ़ाकर 2024-25 तक 19.5 मिलियन टन कर दिया, जिससे भारत दूसरा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य उत्पादक और निर्यातक बन गया। मुर्गीपालन, घरेलू गतिविधि से आगे बढ़कर एक उद्योग के रूप में विकसित हुआ, जिसमें अंडों का उत्पादन 10 बिलियन से बढ़कर 143 बिलियन हो गया और इसी अवधि में मुर्गी के मांस का उत्पादन 113 हजार टन से बढ़कर 5019 हजार टन हो गया।

2014-15 और 2023-24 के बीच, पशु-स्रोत से प्राप्त खाद्य के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। दूध में सालाना 10.2 मिलियन टन, अंडों में 6.8 बिलियन इकाई, ब्रॉयलर मांस में 217 हजार टन और मछली (मुख्य रूप से जलीय कृषि) में 0.78 मिलियन टन की वृद्धि हुई। प्रजनन, संसाधन प्रबंधन और कुशल जनशक्ति में तकनीकी प्रगति ने इस तेज वृद्धि को गति दी है। फल, सब्जियां और पशु उत्पाद जैसे उच्च-मूल्य वाले खाद्य पदार्थ अब खाद्यान्न वृद्धि से आगे निकल रहे हैं, जो कृषि विविधीकरण, बेहतर पोषण, किसानों की आय और जलवायु विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। भारत की खाद्य उत्पादन सफलता पोषण, किसानों की आय, जलवायु की विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता और निर्यात को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी व नीति की परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती है। आईसीएआर के शोध से पता चलता है कि कृषि में निवेश पर उच्च आय प्राप्त होती है- अनुसंधान और विस्तार पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये पर क्रमशः 13.85 रुपये और 7.40 रुपये। पीएमकेएसवाई (सिंचाई), पीएम-किसान (प्रत्यक्ष किसान सहायता), राष्ट्रीय पशुधन मिशन और नीली क्रांति जैसी हाल की सरकारी पहलों ने संसाधनों के उपयोग को बढ़ाकर, जोखिमों को कम करके और कृषि-खाद्य प्रणाली में प्रौद्योगिकी अपनाने को प्रोत्साहन देकर कृषि विकास को और मजबूती दी है।

2047 तक, भारत ने विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इसलिए इसकी अर्थव्यवस्था को सालाना 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। अनुमान है कि 2047 तक देश की जनसंख्या 1.6 अरब हो जायेगी-जिसमें से आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। इस बदलाव से खाद्यान्न की कुल मांग दोगुनी हो जाएगी, फलों, सब्जियों और पशु-आधारित खाद्य पदार्थों की मांग तिगुनी होने की उम्मीद है, जबकि अनाज की मांग स्थिर रहेगी, जिससे अधिशेष की स्थिति बनी रहेगी।

हालांकि, बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण कृषि भूमि 180 मिलियन हेक्टेयर से घटकर 176 मिलियन हेक्टेयर और औसत भूमि जोत 1 से घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाएगी। इससे जल और कृषि रसायनों पर दबाव बढ़ेगा, जिससे संसाधनों का क्षरण होने का खतरा होगा। जलवायु परिवर्तन और भी बड़ा जोखिम है, जो स्थायी कृषि और ग्रामीण आजीविका को खतरे में डालता है।

भारत की उभरती कृषि-खाद्य चुनौतियां, उत्पादन-रणनीतियों में बदलाव की मांग करती हैं। प्रतिवर्ष 20 मिलियन टन चावल, जिसकी खेती में अधिक मात्रा में जल की जरूरत होती है, के निर्यात के बावजूद, भूजल की सतत उपलब्धता खतरे में है। इस बीच, भारत खाद्य तेलों और दालों के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों के हितों की रक्षा करने और संसाधनों के संरक्षण के लिए, फसल नियोजन में स्थायी कृषि पद्धतियों के साथ-साथ तिलहन और दलहन जैसी जल-कुशल फसलों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

विभिन्न बाधाओं के कारण कृषि कार्य में उपयोग न की जाने वाली 12 मिलियन हेक्टेयर चावल-परती भूमि पर भारत दलहन और तिलहन की खेती का विस्तार कर सकता है। हालांकि, कम पैदावार- तिलहन में 18-40 प्रतिशत और दलहन में 31-37 प्रतिशत का अंतर - तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान (वीकेएसए) 728 जिलों में 1.35 करोड़ किसानों तक पहुंचा, किसान-वैज्ञानिक प्रत्यक्ष बातचीत के माध्यम से बेहतर कार्यप्रणालियों को बढ़ावा मिला। उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए, सरकार ने मिशन-मोड में कई योजनाएं भी शुरू की हैं, जो तिलहन, दलहन और कपास के उच्च उपज वाले बीजों पर केंद्रित हैं।

कृषि अनुसंधान में लागत कम करने और जोखिमों का प्रबंधन करते हुए उत्पादकता, सहनीयता और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। समय पर जानकारी की बढ़ती मांग के साथ, एआई और डेटा विश्लेषण जैसे आधुनिक उपकरण वैश्विक कृषि अनुसंधान में बदलाव ला रहे हैं। भारत वर्तमान में अनुसंधान एवं विकास में सालाना 116 बिलियन रुपये (कृषि-जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) का निवेश करता है, इसके साथ ही वित्त पोषण बढ़ाने और मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की योजनाएं भी तैयार की गयी हैं। कृषि विज्ञान केंद्रों, राज्य विस्तार प्रणालियों और केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने से अनुसंधान, किसानों के साथ और भी गहराई से जुड़ सकेगा।

**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार**

# अध्याय 12 लघु उपन्यास यशस्विनी : साधना के तल ''दीदी आप क्या हमारे रोहित महोदय की कहानी सुना रही हैं?''



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

## विचार सरिता

साधकों का ऐसा अनुमान लगता देखकर यशस्विनी खिलखिला कर हंस पड़ी और रोहित झेंप गए क्योंकि जब उन्होंने बहुत ध्यान से यशस्विनी का यह व्याख्यान और प्रदर्शन देखा तो वे मन ही मन स्व-आकलन कर रहे थे।रोहित मुश्किल से पहले या दूसरे चक्र तक ही केंद्रित थे। उन्हें तीसरे चक्र के प्रभाव की अनुभूति भी कभी-कभी होती थी। अपनी आध्यात्मिक भावना, सज्जनता, ईमानदारी और मेहनत के कारण ही वे अनजाने ही इस दूसरे और तीसरे चक्र तक पहुंच पाए थे।

एक साधक ने पूछा-''दीदी आपने योग की सभी विधियों व प्रविधियों की जानकारी दी लेकिन आप यह बताइए कि यह इतना गूढ़ व जटिल विज्ञान और अध्यात्म है कि साधारण मनुष्य इसे कैसे सीख सकता है और इसका पालन कैसे कर सकता है?''

यशस्विनी ने प्रत्युत्तर दिया, ''आपने सही कहा। हमारे देश में अनेक योग गुरु और संस्थान सक्रिय हैं जो योग को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयत्न कर रहे हैं तथापि मेरा ऐसा मानना है कि आजकल केवल आसन और प्राणायाम की विधियों पर ही जोर दिया जा रहा है। वास्तव में योग का अर्थ अंततः परमात्मा से स्वयं को जोड़ना है और हमारे मनोभावों में परिवर्तन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के विकास में ही योग की सार्थकता है। मैं यही करने की कोशिश कर रही हूं.।''

''और दीदी इसका अत्यंत कठिन होना....''

''मैं आपके इसी प्रश्न पर आ रही हूं। वास्तव में योग भारत की प्राचीन विद्या है और पहले यह अत्यंत प्रचलित थी। जनमानस में लोकप्रिय होने के कारण और सार्वजनिक तथा निजी जीवन में इसका अभ्यास लगातार होते रहने के कारण यह लोगों के लिए सहज और आसान था। आज के समय में जब लोगों का ध्यान केवल भौतिकता के संसाधनों को जुटाने की ओर है ऐसे में वे अध्यात्म और योग से दूर होते जा रहे हैं। अब उनका मतलब केवल फिटनेस तक सीमित है।वे योग को भी केवल वहां तक अपनाना चाहते हैं, जहां तक यह उनके फिटनेस और अगर युवाओं की बात की जाए तो बॉडी बिल्डिंग में मदद करे। इसके आगे वे योग की कोई महत्ता नहीं समझते। समस्या यही है। एक उदाहरण देना चाहती हूं कि सूर्य नमस्कार का प्रचलन बढ़ाने के लिए सरकारों को इसके लिए विशेष दिन तय कर अभ्यास सत्र आयोजित करना पड़ता है। वहीं शरीर के विभिन्न चक्रों के बारे में एक सामान्य साधक सोच ही नहीं सकता है। नाड़ियों की गूढ़ संरचना की क्या बात की जाए?

''दीदी इन अभ्यास विधियों के करने में क्या सावधानी बरतनी चाहिए?''

''इसकी एकमात्र सावधानी यह है कि बिना इन आसनों योग विधियों, प्राणायाम, विभिन्न चक्रों के भली प्रकार ज्ञान हुए बिना इनका अभ्यास गलत है और यह भी योग्य गुरु की उपस्थिति और उनके मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिए। अन्यथा इनका लाभ होने के स्थान पर प्रतिकूल प्रभाव भी हो सकता है।''

साधकों के मन में अनेक जिज्ञासाएं थीं लेकिन यशस्विनी ने कहा कि अब आप लोगों के आराम करने का समय हो रहा है।

प्रश्न उत्तर और जिज्ञासा समाधान सत्र का विसर्जन हुआ। श्री कृष्ण प्रेमालय के इस बड़े हॉल में ओम की समवेत ध्वनि के साथ जैसे साधकों ने अपने भीतर झांकने और प्रत्येक धमनी, शिरा और नाड़ियों को झंकृत करने की कोशिश की। श्री कृष्ण प्रेमालय परिसर में ही इन 50 साधकों के आवास की व्यवस्था है। श्री कृष्ण प्रेमालय एक तरह से योग आश्रम भी है लेकिन जैसा कि महेश बाबा ने नियम बना रखा है कि वे केवल प्रवचन, भाषण और उपदेश की गतिविधियों के स्थान पर 60प्रतिशत समय रचनात्मक और सेवा के कार्यों के लिए तय रखना चाहते हैं।शेष 40 प्रतिशत फोकस चर्चाओं, वार्ता, उपदेशों पर केंद्रित होना चाहिए। अगर हम लोग केवल उपदेश देते रह जाएं। स्वयं आचरण में उसे न उतारें तो हम आम लोगों से यह कैसे कह सकते हैं कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है।ज. अनाथालय की स्थापना और परिवार में सभी को खो चुके बच्चों की परवरिशज. इसके अलावा प्रत्येक शनिवार और रविवार को शहर में स्थित सभी वृद्ध आश्रमों में जाकर वहां के लोगों से मिलना जुलना और उनके लिए विभिन्न चीजों का प्रबंध करना यह महेश बाबा का प्रिय कार्य था।

शाम को राधा कृष्ण मंदिर में भोग अर्पण के बाद भंडारा भी चलता था जिसमें आश्रम की आवश्यकता के अनुसार और यहां साधनों की उपलब्धता के अनुसार जितना भोजन बन सकता था, वह प्रतिदिन बांके बिहारी के दरबार में पहुंच जाने वाले लगभग 100 से 150 गरीब लोगों या अन्य ऐसे व्यक्ति जो उस दिन भोजन ग्रहण नहीं कर पाए हों, उनके लिए पर्याप्त रहता था। अब इसे विधि का विधान कहिए या भगवान बांके बिहारी जी की कृपा कि कोई भी भूखा मंदिर के रात्रि प्रसाद ग्रहण के समय पहुंचने पर भूखे पेट वापस न लौटता था और सभी आश्रम के स्वयंसेवक इस कार्य को बड़े मनोयोग से पूरा करते थे। महेश बाबा इसी तरह ठंड के दिनों में फुटपाथ पर सोये ठिठुरते लोगों को या तो आश्रय प्रदान करने की कोशिश करते या उन तक गर्म कपड़े आदि की व्यवस्था करते। यशस्विनी भी इन सभी कार्यों में व्यस्तता के बाद भी समय निकालकर सहायता प्रदान किया करती थी।

आज के प्रश्नोत्तर सत्र में जिस तरह यशस्विनी ने विभिन्न चक्रों के जागरण से संबंधित जानकारी दी, वह रोहित के लिए भी एकदम नई थी। अपने कक्ष में आकर बहुत देर तक रोहित का ध्यान विभिन्न चक्र और उनकी गतिविधियों में लगा रहा, लेकिन नाड़ियों के संबंध में जब उसकी जिज्ञासा दूर नहीं हुई तो उसने यशस्विनी से चर्चा की सोची।

-यशस्विनी, इतनी देर रात को फोन करने के लिए क्षमा चाहता हूं। क्या मैं आपसे कुछ बातें पूछ सकता हूं?

-हां हां क्यों नहीं? अवश्य पूछिए।

- आप आज जब चक्र के बारे में साधकों को जानकारी दे रही थीं तो नाड़ी के संबंध में कुछ बातें मेरे मन में सही तरह से बैठ नहीं पाईं।

-ओह, तो बताइए क्या जानना चाहते हैं आप?

-यही कि आपने कहा इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी.. तो आप मुझे इन नाड़ियों के बारे में जानकारी दीजिए...

-देखिए रोहित जी मैं समझ रही हूं कि आपको यह जानकारी इसलिए चाहिए क्योंकि पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाने के लिए आपको गहराई में डूबना होगा...तब जाकर आप साधकों की काम की चीज डिस्प्ले कर सकते हैं...तो सुनिए..

हमारे शरीर में अनेक नाड़ियाँ होती हैं.

- इन नाड़ियों को क्या हम धमनी और शिराएं कह सकते हैं?

- नहीं इन्हें धमनी या नस नहीं कहा जा सकता है। यह शरीर में उस माध्यम या रास्ते का कार्य करती हैं जिनसे प्राण शक्ति का संचार होता है।वास्तव में यह नाड़ियाँ भौतिक रूप से दिखाई नहीं देती हैं, लेकिन आप इनकी गति को, इनके स्पंदन को महसूस कर सकते हैं।

(क्रमशः)

## सामचिक चर्चा

### शराबी मास्टर की उपयुक्त जगह

अखबार पढ़कर, बानी बोले-'गजाधर!
राखी पर भाई-बहनों के स्नेह-प्यार की
एक से एक अच्छी-अच्छी बातें
पढ़ने-सुनने के बाद
आज सुनिए एक शराबी शिक्षक की खबर -
बलरामपुर के वाड्रफ नगर ब्लाक के
रूपपुर प्रायमरी स्कूल के
हेड मास्टर मनमोहन सिंह
कांवर यात्रा वाले भगवा टी शर्ट
और चड्डे में, नशे की हालत में
स्कूल पहुंच गया।
और दोनों पैर सामने टेबल पर रखकर
आराम से बैठ गया।
फिर बच्चों को पढ़ाने लगा
शराब को दवा बताने लगा
उसे फ्रेक्चर है और डॉक्टर ने
इलाज के लिए रोज
100-200 ग्राम शराब पीने को कहा है।
ग्रामीणों ने बताया-यह पहली बार नहीं है
वह शराबी हेड मास्टर कई बार
इस तरह स्कूल आते रहा है।
अब गजाधर! उस शराबी मास्टर पर
आपका मन क्या कह रहा है।
गजाधर कुछ कहते इसके पहले,
गृहस्थ गिरधारी बोल उठे -
''बानी! मुझे तो बड़ा क्रोध आ रहा है।
इसलिए मेरा मन कहने जा रहा है -
उस शराबी मास्टर को
जिला बदर करा देना चाहिए।''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''या नहीं तो उस शराबी
सरकारी मास्टर को,
सरकारी शराब दुकान में,
ट्रांसफर करा देना चाहिए।''



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज के दिन किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में बढ़ोतरी करेगा। आज के दिन आप ऐसे काम करें जिनसे आपको खुशी मिले, लेकिन दूसरों के मामलों में दख़लअंदाज़ी करने से भी बचें तो और भी अच्छा रहेगा। आज भाग्य आपका साथ ज़रूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज खुद को आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें, इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला बनेगा। आज अचानक आए ख़र्चे आपका आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं लेकिन जीवनसाथी की सहायता से आप हर मुश्किल से पार पा लेंगे। आज बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करेंगे इससे आपकी खुशी और बढ़ेगी। आज लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि से आपको छुटकारा मिलने के योग बन रहे हैं। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की मदद के बिना महत्वपूर्ण कामों को कर सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आज रचनात्मक काम आपको सुकून देगा। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज आपको अच्छा-खासा धन लाभ होने के योग बन रहे है। जिसका उपयोग आप निजी कार्यो के लिए भी कर सकते हैं। आपको प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में लाएगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपके विनम्र स्वभाव की सराहना होगी। आज आस ङ्क पास के व्यक्ति आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे। आप व्यापार को मजबूती देने के लिए आज कोई अहम कदम उठा सकते हैं जिसके लिए आपका कोई करीबी आपकी आर्थिक मदद कर सकता है। आज आप परिवार के साथ कुछ समय बिताएंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहेगा। आज किसी से भी अपने विचार व्यक्त करने में हिचकिचाएं नहीं। आज आप आत्मविश्वास की कमी को खुद पर हावी न होने दें, आप पूरे फोकस के साथ काम करें तो आपको अच्छा परिणाम मिलेगा। इस राशि के छात्र आज किसी विषय को समझने के लिए अपने सीनियर की मदद ले सकते हैं।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। आज आप किसी काम को मेहनत और लगन से पूरा करेंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। जीवन के अहम दौर में पैसा आपके काम आएगा इसलिए आज से ही अपने पैसे की बचत करने के बारे में विचार करेंगे। आज मित्रों के माध्यम से आपका ख़ास व्यक्तियों से मिलना जुलना हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। स्वास्थ्य समस्या से आज आपको काफ़ी रिलैक्स होने की संभावनाए हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं। कुछ ख़रीदने से पहले उन चीज़ों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं। अचानक मिला कोई सुखद संदेश आपको खुश कर देगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। दोस्तों के साथ आज की शाम अच्छी रहेगी लेकिन समय का ख्याल आपको रखना पड़ेगा नहीं तो माता जी डांट पड़ सकती है। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। आज ज़रूरत के वक़्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा। आज जरूरी काम में मन लगाएं और जज़्बाती बातों से बचें। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक संबंधों में गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आज आपके जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट सकते हैं इसके आलावा साझेदार की गतिविधियों पर भी ध्यान दें।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल करेंगे। आज घर की छोटी-छोटी खुशियों में शामिल होकर आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। आज आपको किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है।

# सीएम विष्णुदेव साय से मिले विक्रांत, खैरागढ़ आने का दिया निमंत्रण

### 13 अगस्त को होगा मुख्यमंत्री का आगमन



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सीएम हाउस में मुलाकात की और उन्हें खैरागढ़ आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए आगामी 13 अगस्त को खैरागढ़ आगमन की सहमति दे दी है। 13 अगस्त को खैरागढ़ में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 13 अगस्त को खैरागढ़ पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इनमें नवनिर्मित जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन, देवारीभाठ में डीपीआरसी भवन का लोकार्पण, नए जिले के लिए जिला अस्पताल एवं कलेक्ट्रेट भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रमुख हैं।

#### तैयारियां हुई तेज:-

सीएम के आगमन की आधिकारिक जानकारी मिलते ही प्रशासनिक एवं पार्टी स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, कार्यक्रम स्थल की सजावट और जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य तेज़ी से किया जा रहा है।

विक्रांत सिंह कर रहे हैं समन्वय-जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह दौरा खैरागढ़ के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार पार्टी पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दे रहे हैं। जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत ने की कलेक्टर व अधिकारियों के साथ विकासपरक बैठक विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के समुचित विकास को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कलेक्टर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सभी की सहभागिता से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और संस्थानों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई।

#### गंडई में शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार

बैठक में गंडई में नवोदय विद्यालय, नया आईटीआई और लाइवलीहुड कॉलेज की स्थापना पर विचार किया गया। इससे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा।

#### छुईखदान में कृषि और औद्योगिक पहल

छुईखदान क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र, जल संसाधन विभाग कार्यालय, पान उद्योग केंद्र और टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। ये योजनाएं स्थानीय किसानों की आय और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देंगी।

#### अन्य क्षेत्रों में विशेष परियोजनाएं

बैठक में बकरकट्टा-साल्हेवारा क्षेत्र में ट्राइबल ट्रेनिंग सेंटर, पैलीमेटा क्षेत्र में पर्यटन स्थल का विस्तार, भंडारपुर-मुड़ीपार में कॉलेज स्थापना तथा खैरागढ़ में ऑडिटोरियम, बायपास, नालंदा परिसर और मल्टीस्पोर्ट स्टेडियम निर्माण की योजनाओं पर चर्चा हुई।

# दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत, सात गंभीर



डोंगरगाँव (दावा)। छुरिया रोड में स्थित ग्राम रेंगाकठेरा के समीप शनिवार 9 अगस्त की रात्रि लगभग 8 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार होंडा शाइन क्रमांक सीजी 24 / 6143 और हीरो होंडा डीलक्स क्रमांक सीजी 08 एएन 5652 के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के समय दोनों मोटरसाइकिलों पर कुल सात लोग सवार थे और किसी ने हेलमेट नहीं पहना था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस समय हुआ युवक राखी बंधवाकर अपने मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। तेज़ रफ़्तार के चलते एक वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से टकरा गया। टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि कई युवक मौके पर ही बेहोश हो गए। समीपस्थ गांववासियों और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद डायल 112 और पुलिस पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को इन्हीं वाहनों से डोंगरगांव अस्पताल लाया गया। घायलों में सोवन पिता सालिक पटेल (उम्र 13 वर्ष निवासी बरबसपुर), धनेश पिता सहदेव (उम्र 12 वर्ष, निवासी केरेगांव), लोमन (निवासी सुरेंगांव), हरीश उइके (निवासी भेजराटोला), तुलाराम पटेल (निवासी मटिया) तथा अन्य दो युवकों का नाम अज्ञात हैं।

डोंगरगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को राजनांदगांव जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। इनमें सोवन और धनेश की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य घायलों का उपचार भी जिला चिकित्सालय में जारी है। गांव के लोगों का कहना है कि दोनों मोटरसाइकिलें तेज़ रफ़्तार में थीं और दोनों चालक हेलमेट नहीं पहने थे वहीं एक बाइक में चार और एक में तीन युवक सवार थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## पहला कॉलम...

# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा मंडल छुरिया की बैठक आयोजित

### पूर्व विधायक विनोद खांडेकर हुए शामिल



छुरिया (दावा)। जिला भाजपा के निर्देशन में भाजपा मंडल छुरिया द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर साहू सामुदायिक भवन छुरिया में भाजपा मंडल छुरिया का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विनोद खांडेकर पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विशेष रूप से उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष कामता साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा के निर्देशन में 'हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाना है, इसके लिए सभी कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाये।


जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने भी संबोधित करते हुए तिरंगा यात्रा को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भव्य रूप से यात्रा निकालकर घर-घर तिरंगा फहराने की कार्यकर्ताओं से अपील की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विनोद खाणडेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम बार आजादी के पहले भी भारत में तिरंगा झंडा 1906 में कोलकाता के पारसी बंगाल चौक में प्रथम मार फहराया गया, इसके अलावा 1907, 1917 एवं 1931 में भी झंडा फहराया गया था।

उन्होंने कहा कि 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर मोर झंडा मोर अभियान का शुभारंभ किया इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जी-जान से जुट कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की बात कही।

इस अवसर पर जगजीत सिंह भाटिया, धन्ना यादव, नैनसिंह पटेल, मोनू गुप्ता, शिवा मिश्रा मायाराम साहू, आमिर खान, आनंद वेलेकर, देवानंद सहारे, हेतराम साहू, शीशुपाल साहू, सोहन साहू, श्रीमती उत्तरा निषाद, पलनीस्वामी नायडू, सुनीता सेवता, रेखाबाई गंधर्व, लक्ष्मी यादव, भूषण नेताम, अमीर खान, गुलचरण कतलाम, शांताराम पंचारी, पदूम साहू, नकूल नेताम, भूखन धनकर, प्रिंस भाटिया, राजकुमार सिन्हा, लेखराम निर्मलकर, इशवर लाडे, टीकम पाण्डेय, खेदूराम सिन्हा, कुंदन बढोले, टामेश कुंभकार आदि उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर अंबागढ़ चौकी में पारंपरिक वेषभूषा में निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे सामाजिक नारे



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज, ब्लॉक अंबागढ़ चौकी के तत्वावधान में पारंपरिक वेषभूषा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अंबागढ़ चौकी स्थित गोंडवाना भवन में बूढ़ादेव एवं रानी दुर्गावती की सामाजिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया।

इसके पश्चात आयोजित सभा को समाज के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव संजीव शाह तथा जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, विधायक मोहला-मानपुर इंद्रशाह मंडावी ने भी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और अधिकारों के संरक्षण पर बल दिया। समाज के पदाधिकारीयों ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, गुलाब गोस्वामी, अवधेश त्रिपाठी, लखन कलामे, देवनारायण नेताम, संतराम नेताम, पन्ना कुंजाम एवं अन्य आदिवासी नेता उपस्थित रहे।

सभा के बाद शोभायात्रा नगर भ्रमण पर निकली। रैली में सर्व आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए, जिनमें आदिवासी युवक-युवतियां डीजे की थाप पर उत्साहपूर्वक थिरकते नजर आए। पूरे मार्ग में सामाजिक एकता और अधिकारों से जुड़े नारे गूंजते रहे। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन और रंग-बिरंगे परिधानों से नगर का माहौल उत्सवमय हो उठा।

# संगठन सर्वोपरि, गुटबाजी छोड़ एक होकर काम करें कार्यकर्ता- भरत वर्मा

### हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें - सौरभ कोठारी



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा राष्ट्रीय-प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशानुसार लाल बहादुर नगर भाजपा मंडल में मोर तिरंगा-मोर अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला बैठक संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रभारी सौरभ कोठारी उपस्थित रहे एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा पूर्व विधायक खेदूराम साहु एवं जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव उपस्थित रहें।प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कार्यकर्ताओं को कहा कि आप सभी संगठित होकर कार्य करें और संगठन का जो भी कार्य है उसे गुटबाजी से हटकर सभी मिलकर कार्य करें। जनप्रतिनिधियों से जनता के लिए समर्पित होकर कार्य करने एवं शासन की सभी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचे इसके लिए विशेष प्रयास करने कहा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं रविन्द्र वैष्णव ने हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा को सफल बनाने और हर घर तक तिरंगा पहुंचे इसके लिए कार्य करने अपील किया। वक्ताओं ने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारी देश की आन-बान शान है हर घर में तिरंगा लगाने एवं 15 अगस्त के पहले मंडल में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकालने कार्यकर्ताओं से अपील किया। मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे एवं महामंत्री हेमलाल वर्मा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का बैठक को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। मंडल के कार्यशाला बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक खेदू राम साहू ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहु, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे एवं श्रीमती अनिता मंडावी, गण, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, महामंत्री हेमलाल वर्मा एवं कैलाश ऊके, कार्यक्रम के संयोजक उपकार सिंह बघेल, सहसंयोजक चंद्रप्रकाश देशमुख, श्रीमती गोदावरी निषाद, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, जनपद सदस्य अशोक नेताम, शत्रुहन वर्मा, पार्षदगण रामजी साहु, मृगलाल साहु, राजेश देवांगन, योगेश साहु, टिकेश्वर साहू एवं अशोक साहू, हनस पटेल, घनश्याम यादव, अम्बे निषाद, रामाधार ओझा, रेवाराम सिन्हा, नरेंद्र ठाकुर, जसबीर सिंह चौहान, टुम्मन मंडावी, श्याम सिन्हा, द्वारका सिन्हा, कुंजबिहारी वर्मा, चेतन साहू, उत्तम साहु, लक्ष्मीनाथ रजक, प्रमिला साहु,बनवासा ठाकुर, मनसुख साहु, यशवंत साहु, द्वारका साहु, छबील साहु, मोहन साहु, नेतराम पटेल, कामता प्रसाद साहु, मानिक वर्मा, शंकर लाल पटेल, महेंद्र वर्मा, शिव बल्हारे, अरविंद नंदेश्वर, रेखराम यादव,गोवर्धन बावनकर,पवन नंदेश्वर, हरचंद सिन्हा, कृष्णा साहु, देवव्रत निषाद, तिलका बाई उइके, सुनीता चौरे, ललिता चौरे, खुलास राम सहित सभी मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा के सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोधा में शिक्षक विदाई एवं सम्मान समारोह संपन्न



गंडई पंडरिया (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोधा में शिक्षक विदाई एवं सम्मान समारोह 8 अगस्त को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 20 से अधिक शिक्षकों सेवानिवृत शिक्षकों और पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य हाल ही में सेवानिवृत हुए शिक्षक दुर्जन राम जंघेल को विदाई देना था एवं पूर्व में पासआउट हुए छात्रों का मिलन समारोह भी था। जिसमें पूर्व छात्र जो स्कूल से पास हुए थे उनका भी मिलन समारोह था। इस समारोह में सभी छात्रों एवं शिक्षकों मिल कर ये कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए ये समारोह को प्रारंभ किए हालांकि शिक्षक दुर्जन राम जंघेल सेवानिवृत होने के बाद आज भी स्कूल के छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए सभी छात्रों को निःशुल्क सेवाएं दे रही। सेवानिवृत्ति होने के पश्चात उनके सम्मान में प्रयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व शिक्षकों सेवानिवृत शिक्षकों और पूर्व छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया। शिक्षक दुर्जन राम जंघेल निःशुक्ल शिक्षा देकर छात्र छात्रों का भविष्य सवार रहे है। इसलिए शिक्षक को गुरु का सम्मान दिया जाता है। आज इस कार्यक्रम का भी मुख्य उद्देश्य यही था कि सभी छात्र छात्राओं मिलकर गुरु को सादर स्कूल से विदाई देना। इस कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजू जंघेल और सरपंच दूजे राम वर्मा एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गंडई नगर में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस मनाया, निकली भव्य रैली



पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक बाजों की थाप पर किया पारंपरिक नृत्य

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में शनिवार 9 अगस्त को जिला स्तरीय विश्वआदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रैली निकाली गई, जिसमें केसीजी जिले से पांच हजार से अधिक सर्वआदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। सुबह 10 बजे से केसीजी जिले से लोग टोलियों के रूप में गंडई कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए। यहां से पारंपरिक वेशभूषा में के पारंपरिक बाजों के साथ रैली निकाली गई। रैली मंडी प्रांगण से निकल कर बस स्टैंड, मुख्य बाजार, मां गंगई मंदिर, मुख्य चौक होते हुए शाम साढ़े पांच बजे वापस कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुंची। रैली में सर्वआदिवासी समाज के युवक-युवतियां, महिला-पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा नाचते-गाते हुए चल रहे थे। कई युवाओं ने आदिवासी क्रांतिकारी योद्धाओं का रूप धारण किया था, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए वरला थाना प्रभारी सौरभ बाथम के नेतृत्व में पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। समाज के बुद्धिजीवी वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक भोजन किया गया।

इस अवसर पर गंडई नगर के राजा लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया कि गंडई नगर में जिला स्तरीय विश्वआदिवासी दिवस मनाने का यह दूसरा वर्ष है। पुर खैरागढ़ जिला से सब आदिवासी समाज गोंड समाज, हलबा समाज, बैगा समाज, कंडरा समाज, कंवर समाज और प्रधान समाज सभी ने मिलकर इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति है जल, जंगल, जमीन से जुड़ा हुआ हमारा जीवन शैली है। उस जीवन शैली की समरसता और जीवन शैली की जो व्यापकता है उसे विषय को लेकर आयोजन हमारा पूरे समाज के द्वारा किया जाता है। यूनाइटेड संघ ने जो निर्णय दिया है उसे निर्णय के अनुरूप विश्व में 9 अगस्त को ही आदिवासी दिवस मनाने का जो संकल्प पारित हुआ है उसी के अनुरूप छत्तीसगढ़ के गंडई नगर में जिला स्तरीय विश्वआदिवासी दिवस मनाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चे जिन्होंने 95 प्रतिशत से 85 प्रतिशत अंक अर्जित किया है, वकालत के क्षेत्र में, मेडिकल के क्षेत्र में, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में और जूडो-कराटे के क्षेत्र में उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त किए है उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सर्वआदिवासी समाज के जिला एवं प्रदेश के अध्यक्ष और सदस्य सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

आदिवासी कला संस्कृति के बिखरे रंगः- कार्यक्रम में पारंपरिक आदिवासी नृत्य एवं संगीत की शानदार प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। तुड़बुढ़ी नृत्य, मांदर नृत्य और हल्बा समाज के धनकुर गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवक-युवतियों और बच्चों का पारंपरिक परिधान में शामिल होना पूरे आयोजन को और भी रंगीन बना गया।

# चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में मारपीट जैसै अन्य कई मामला है दर्ज



डोंगरगढ़(दावा)। चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस के गिरफ्त किया है। शराब के नशे में धुत आरोपी पुराना बस स्टैण्ड मजहर ऑटो पॉट्स के पास गाली-गलौज कर रहा था। पीड़ित द्वारा गाली-गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने चाकू से जानलेवा हमला किया। आरोपी द्वारा पीड़ित के गला एवं पेट में वार कर गंभीर चोंट पहुंचाई। पीड़ित की हालत गंभीर होने पर उसे मेकाहारा अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में मारपीट जैसै अन्य कई मामले दर्ज है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक- 06 अगस्त की शाम करीबन 04:00 बजे प्रार्थी+पीड़ित पाले खान पिता मरहुम खान उम्र करीबन 40 साल निवासी पुराना बस स्टैण्ड डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव पुराना बस स्टैण्ड मजहर आटो दुकान डोंगरगढ़ के सामने खड़े थे। वहीं पर सलीम खान पिता मरहुम बसीर खान शराब पीकर गाली-गलौज कर रहा था जिसे पीड़ित पाले खान द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी पीड़ित पाले खान को तु कौन होता है रे, मुझे रोकने वाला बड़ा दादा बनता है कहकर, माँ-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुये, हत्या करने की नियत से अपने पास रखे चाकू से पीड़ित पाले खान के पेट और गले में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र. 392/2025 धारा- 296, 351(2), 109 बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन पर की गई कार्रवाई

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम द्वारा प्रकरण के विवेचना एवं फरार आरोपी के पता तलाश हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उपेन्द्र कुमार शाह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जिस पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा अपने टीम के साथ आरोपी सलीम खान पिता मरहुम बसीर खान निवासी डोंगरगढ़ का पता तलाश कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किये आरोपी घटना बाद घटना में प्रयुक्त चाकू को भागते समय मजहर ऑटो के पीछे नाली पास फेंक दिया था जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है एवं आरोपी को आज दिनांक- 08.08.2025 को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में ज्युडिशियल रिमाण्ड हेतु पेश किया गया। उक्त आरोपी को पकड़ने में थाना डोंगरगढ़ के निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, उप निरीक्षक नरेश बंजारे, भूषण चन्द्राकर, आरक्षक चितेश गात्रे, लीलाधर मण्डलोई का विशेष योगदान रहा है।

#### आरोपी के खिलाफ अनेक प्रकरण थाने में दर्ज है

आरोपी आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में मारपीट जैस विभिन्न धाराओं का अपराध पंजीबद्ध दर्ज होना एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज होना पाया गया है। आरोपी के विरूद्ध निम्न अपराध पंजीबद्ध है, जिसमें अप.क्र. 114/2002 धारा- 341, 294, 323, 506 भादवि., अप.क्र. 162/2003 धारा- 294, 506 भादवि., अप0क्र0- 153/2012 धारा- 294, 506, 323 भादवि., अप0क्र0- 227/2011 धारा- 294, 323, 506 भादवि., अप.क्र. 310/2021 धारा- 294, 323, 506 भादवि., अप.क्र. 59/2022 धारा- 294, 323, 506, 34 भादवि. शामिल है।

# घुमका में भोजली महोत्सव का रंगारंग आयोजन



घुमका (दावा)। घुमका नगर में भोजली महोत्सव का रंगारंग आयोजन लोधी समाज द्वारा किया गया। स्थानीय महावीर चौक से समाज के सदस्यों व महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना कर रैली निकाली गई, जहाँ मुख्य आयोजन चंडी चौक में स्थापित वीरांगना रानी अवन्ति बाई प्रतिमा के पास सम्बोधन व पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्त अतिथि भगवताचार्य गनपत दुबे व अध्यक्षता पूर्व सरपंच श्रीमती फूलमती वर्मा ने की। भोजली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार चम्पा बाई को 2100 रु व विनर कप खेमचन्द वर्मा पप्पू के द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1500 रु व विनर कप रामचन्द वर्मा द्वारा व तृतीय पुरुस्कार 1000 रु स्व गिरधारी लाल की स्मृति में उत्तम वर्मा द्वारा दिया गया, उजेना भोजलि के चार प्रतिभागियों को समाज के द्वारा ग्यारह-ग्यारह सौ रु प्रदान किया गया। पुरुस्कार वितरण के बाद भोजली विसर्जन के लिए महाराणा प्रताप चौक से बस स्टैंड होते हुए शीतला तालाब पहुंचे, जहाँ परम्परागत रूप से भोजली विसर्जन किया गया।

पूरे कार्यक्रम व रैली के दौरान रंग तरंग कार्यक्रम में युवतियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनांने में लोधी समाज सर्किल उपाध्यक्ष व नगर किसानी समिति के अध्यक्ष डिलेश्वर वर्मा, जयकुमार वर्मा, मानदास वर्मा, राकेश दामोदर वर्मा, रामचन्द वर्मा, खेमचन्द वर्मा, टूमलाल वर्मा, दीपक वर्मा, रुसुम वर्मा आदि का सहयोग रहा। संचालन नूनकरन वर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बांकेलाल श्रीवास, महादेव वर्मा, श्रीवास, इन्द्रपाल सिंह ठाकुर, पीयूष दुबे, हंसाराम वर्मा, एकलव्य वर्मा, हिरजुदास, कुमारदास, लछ्मन वर्मा, परस वर्मा आदि सहित सामाजिक लोग व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## जापान के दो मुक्केबाजों की मौत

पेशेवर। मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था विश्व मुक्केबाजी संगठन (डब्ल्यूबीओ) ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुक्केबाजी जगत जापान के मुक्केबाज शिगेतोशी कोटारी की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करता है। वह रिंग में योद्धा थे। उनके परिवार और जापान के मुक्केबाजी समुदाय के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।

शनिवार को जापान के एक अन्य मुक्केबाज 28 वर्षीय हिरोमासा उराकावा की योजी सैतो से नॉकआउट हार के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हो गई। उनकी जान बचाने के लिए क्रैनियोटॉमी की गई थी। डब्ल्यूबीओ ने शनिवार को एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, %यह हृदय विदारक खबर शिगेतोशी कोटारी के निधन के एक दिन बाद आई है। उराकावा की उसी प्रतियोगिता के दौरान के लगी चोटों के कारण मौत हो गई। हम इस मुश्किल समय में उनके परिवारों, दोस्तों और जापानी मुक्केबाजी समुदाय के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## भारत के रमेश बुधियाल का जलवा, एशियाई सर्फिंग में कांस्य पदक जीता

चेन्नई । भारत के रमेश बुधियाल ने शुक्रवार को यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता।

ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो सातो (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। चीन के शिदोंग वू (13.10) और शुलोउ जियांग (8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में चीन की सिकी यांग ने 14.50 अंकों के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हम वतन शुहान जिन (10.33) ने रजत पदक जीता। थाईलैंड की इसाबेल (8.10 अंक) ने कांस्य पदक हासिल किया।

## थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह पिछले चार साल से टीम से बाहर चल रही थीं और अब उन्होंने अपने करियर पर फुल स्टॉप लगाने का फैसला किया है। वह 2016टी20 विश्व कप और 2017 वनडे विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं। अब उनके 14 साल लंबे करियर पर ब्रेक लग गया है।

थैमसिन न्यूटन टॉप ऑर्डर में खेलती रही हैं। इसके अलावा वह मिडियम फास्ट बॉलिंग भी करती थीं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2015 में डेब्यू किया था और आखिरी मैच साल 2021 में खेला था। इस दौरान उन्होंने कुल 15 मुकाबले खेले, जिसमें 9 विकेट हासिल किए और 22 रन बनाए।

वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए साल 2016 में डेब्यू किया था। इसके बाद इसी साल पाकिस्तान के खिलाफ वनडे मैच में पहली बार पांच विकेट हॉल हासिल किया था। उस मैच में उन्होंने 19 रन बनाए भी बनाए थे और प्लेयर ऑफ द मैच बनी थीं। वनडे क्रिकेट के 10 मैचों उन्होंने कुल 11 विकेट झटके और 57 रन बनाए। खराब फॉर्म की वजह से वह टीम से अंदर-बाहर होती रही हैं।

## अमेरिका में तूफान 'हेनरीएट' फिर से हुआ शक्तिशाली

नई दिल्ली। अमेरिका में तूफान च्हेनरिएटज् शनिवार को फिर से शक्तिशाली हो गया, लेकिन यह हवाई से बहुत दूर है। तूफान का जमीनी इलाकों के लिए फिलहाल कोई खतरा नहीं है। मियामी के च्नेशनल हरिकेन सेंटरज् के मुताबिक, यह तूफान हवाई के हिलो शहर से करीब 1,015 किलोमीटर पूर्व में है और 26 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

अगले एक-दो दिन में यह और शक्तिशाली हो सकता है। तूफान च्आइवोज् भी प्रशांत महासागर में मेक्सिको के दक्षिण-पश्चिम में आगे बढ़ रहा है। च्आइवोज् की हवा की रफ्तार 85 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई थी। यह तूफान बाजा कैलिफोर्निया के किनारे से लगभग 425 किलोमीटर दूर, पश्चिम-दक्षिण की दिशा में है और 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। किसी भी तूफान के लिए फिलहाल तटीय इलाके में कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है लेकिन हरिकेन सेंटर ने कहा है कि च्आइवोज् तूफान से उठने वाली समुद्री लहरें अगले एक-दो दिन तक प्रायद्वीप के दक्षिणी हिस्से को प्रभावित करती रहेंगी।

# भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, पुरुष टीम खिताब की रेस से बाहर



नालंदा। बिहार में आयोजित एशियन रग्बी अंडर-20 सेवेंस चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है. महिला और पुरुष दोनों वर्गों में भारतीय टीम ने अपनी ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन पुरुष टीम को कुछ संघर्षों का सामना भी करना पड़ा. इस चैंपियनशिप में महिला टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई, जबकि पुरुष टीम ने ऐतिहासिक जीत का स्वाद चखा.

महिला वर्ग में भारतीय टीम ने पहले दो राउंड में शानदार जीत दर्ज की. पहले राउंड में भारत ने कजाकिस्तान को 17-10 से हराया, वहीं दूसरे राउंड में यूएई को 31-07 से मात दी. हालांकि, तीसरे राउंड में भारत को चीन के खिलाफ 31-07 से हार का सामना करना पड़ा. इसके बावजूद, महिला टीम सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है, जहां उनका मुकाबला आज चीन से होगा. मैच दोपहर 12ः30 बजे खेला जाएगा.

भारतीय पुरुष रग्बी टीम ने एशियाई चैंपियनशिप में अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय जीत दर्ज की, जब उन्होंने यूएई को 24-17 से हराया. यह जीत भारतीय रग्बी के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई. हालांकि, यूएई के खिलाफ शानदार जीत के बाद भी टीम अपनी लय को बनाए रखने में असफल रही. इसके परिणामस्वरूप टीम को अगले दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा. अब भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला कजाकिस्तान से पांचवे स्थान के लिए होगा.

पहले राउंड में भारत ने यूएई को हराया, लेकिन दूसरे और तीसरे राउंड में टीम को हार मिली. पहले मैच में भारत को श्रीलंका ने 24-05 से हराया, और दूसरे मैच में हांगकांग ने भारत को 24-05 से मात दी. इस वजह से भारत पुरुष वर्ग की खिताबी रेस से बाहर हो गया है. अब टीम का लक्ष्य पांचवे स्थान के लिए कजाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करना होगा. आज महिला रग्बी का सेमीफाइनल मुकाबला चीन और भारत के बीच खेला जाएगा. चीन ने पूल सी में 9 अंकों के साथ टॉप किया, जबकि भारत पूल डी में 6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा. यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की संभावना है, क्योंकि दोनों टीमें शीर्ष पर कब्जा जमाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका का सामना चीन से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में हांगकांग का मुकाबला मलेशिया से होगा. इन दोनों मैचों की विजेता टीमें खिताब के लिए फाइनल में भिड़ेंगी, जबकि हारने वाली टीमें तीसरे-चौथे स्थान के लिए मुकाबला करेंगी.

पांचवे स्थान के लिए निर्णायक मैचः भारत की पुरुष टीम के लिए अब अगला मुकाबला कजाकिस्तान से होगा. यह मैच पांचवे स्थान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. भारतीय टीम को इस मुकाबले में अपनी बेहतरीन लय दिखानी होगी, ताकि वे प्रतियोगिता में एक सम्मानजनक स्थान हासिल कर सकें. महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान का मुकाबला हांगकांग से होगा. यह मुकाबला भी दिलचस्प होगा, क्योंकि दोनों टीमों ने प्रतियोगिता के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है. इन दोनों में से जो भी टीम जीतती है, वह फाइनल में खिताब के लिए चीन या भारत से मुकाबला करेगी.

पुरुष वर्ग की अंक तालिका में श्रीलंका 9 अंकों के साथ पहले स्थान पर है. हांगकांग 7 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि भारत 5 अंकों के साथ तीसरे और यूएई 3 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है. पूल बी में मलेशिया और चीन ने भी मजबूत प्रदर्शन किया, जिससे इस प्रतियोगिता का अंतिम चरण और भी रोमांचक बन गया है. महिला वर्ग में चीन 9 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि हांगकांग भी 9 अंकों के साथ पहले स्थान पर है.

## भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन में शुरू की नई स्कीम, ट्रेन टिकट बुक करने पर मिलेगा 20 प्रतिशत डिस्काउंट

नई दिल्ली । आगामी त्योहारी सीजन के दौरान परेशानी मुक्त टिकट बुकिंग अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, रेल मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने डिस्काउंटेड फेयर और रिबेट बेनिफिट पर 'राउंड ट्रिप पैकेज' तैयार करने का फैसला किया है।

इस कदम से यात्रियों को सुविधा होगी और त्योहारों के व्यस्त मौसम में अधिक यातायात को व्यापक दायरे में पुनर्वितरित किया जा सकेगा और विशेष ट्रेनों सहित दोनों तरफ की ट्रेनों का अधिक उपयोग सुनिश्चित होगा। रेल मंत्रालय ने कहा, ÷त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ के लिए डिस्काउंटेड फेयर पर राउंड ट्रिप पैकेज नामक एक प्रायोगिक योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है।÷ मंत्रालय के अनुसार, यह योजना उन यात्रियों पर लागू होगी जो निर्धारित अवधि के दौरान वापसी करना चाहते हैं। इस योजना के तहत, एक ही यात्री समूह के लिए जाने और वापसी दोनों यात्राओं की टिकट बुकिंग कराने पर छूट लागू होगी। वापसी यात्रा का विवरण जाने की यात्रा के विवरण के समान ही होना चाहिए। यात्री 14 अगस्त से 13 अक्टूबर की अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) के लिए अपनी टिकटें बुक कर सकते हैं। मंत्रालय ने कहा, पहले 13 अक्टूबर 2025 से 26 अक्टूबर 2025 के बीच ट्रेन शुरू होने की तारीख के लिए जाने की यात्रा का टिकट बुक किया जाएगा, और उसके बाद 17 नवंबर और 1 दिसंबर 2025 के बीच ट्रेन शुरू होने की तारीख के लिए कनेक्टिंग यात्रा सुविधा का उपयोग करके वापसी यात्रा का टिकट बुक किया जाएगा। हालांकि, वापसी यात्रा की बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

रेलवे की नई विशेष योजना का लाभ उठाने के लिए अन्य शर्तें यह हैं कि बुकिंग केवल दोनों दिशाओं में कन्फर्म टिकटों के लिए ही होगी, वापसी यात्रा के मूल किराए पर केवल 20 प्रतिशत की कुल छूट दी जाएगी, इस योजना के तहत बुकिंग जाने और वापसी दोनों यात्राओं के लिए समान श्रेणी में होनी चाहिए।

## सेबी का बड़ा फैसला : म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के ट्रांजैक्शन चार्ज अब खत्म



नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी ने म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स को दिए जाने वाले ट्रांजैक्शन चार्ज को पूरी तरह खत्म कर दिया है। यह फैसला तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिससे अब एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) इस तरह का अतिरिक्त भुगतान नहीं करेंगी। यह फैसला मई 2023 में हुए सार्वजनिक परामर्श और जून 2025 में हुई उद्योग से बातचीत के बाद लिया गया है।

सेबी का मानना है कि यह बदलाव म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और डिस्ट्रीब्यूटर्स के भुगतान सिस्टम को सरल बनाएगा। यह सर्कुलर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 11(1) और स्थ्नक्व्रद्ध (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के विनियमन 52(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निवेशकों के हितों की सुरक्षा, प्रतिभूति बाजार के विकास को बढ़ावा देने और उसे नियमित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी के मुताबिक, अब तक लागू व्यवस्था के तहत डिस्ट्रीब्यूटर्स को 10,000 या उससे अधिक के निवेश लाने पर ट्रांजैक्शन चार्ज दिए जाते थे। यह नियम 27 जून 2024 के मास्टर सर्कुलर में शामिल था। हालांकि, नई समीक्षा के बाद सेबी ने पाया कि डिस्ट्रीब्यूटर्स, जो एएमसी के एजेंट की भूमिका निभाते हैं, उन्हें सीधे कमीशन या शुल्क के रूप में भुगतान किया जाना चाहिए, न कि ट्रांजैक्शन चार्ज के माध्यम से। इस आधार पर, मास्टर सर्कुलर के संबंधित प्रावधान अब पूरी तरह हटा दिए गए हैं।

बता दें कि म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर वे वित्तीय मध्यस्थ या निजी व्यक्ति होते हैं जो निवेशकों को म्यूचुअल फंड में निवेश करने और उसे बनाए रखने में मदद करते हैं। इन्हें अक्सर म्यूचुअल फंड एजेंट्स भी कहा जाता है। ये डिस्ट्रीब्यूटर व्यक्तिगत निवेशकों तक म्यूचुअल फंड उत्पादों की बिक्री और वितरण में अहम भूमिका निभाते हैं। बजाज फाइनेंस के मुताबिक, इन एजेंटों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया यानी ्रस्न्नढ्ढ द्वारा रजिस्टर और रेगुलेट किया जाता है।

## विराट कोहली और रोहित शर्मा इस सीरीज के बाद ले सकते हैं वनडे क्रिकेट से संन्यास

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम लगभग एक महीने तक क्रिकेट के मैदान से दूसर रहेगी, लेकिन अफवाहों का बाजार अभी से गरम है। चर्चा के केंद्र में हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा, जिन्होंने टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेकर अब पूरा ध्यान 2027 वनडे विश्व कप पर लगाया है। माना जा रहा था कि यह टूर्नामेंट उनके करियर का स्वर्णिम समापन होगा। हालांकि, अब दावा किया जा रहा है कि दोनों दिग्गज विश्व कप से पहले संन्यास ले लेंगे।



रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज कोहली और रोहित की आखिरी वनडे सीरीज साबित हो सकती है। रिपोर्ट में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने दावा किया है कि सीरीज के बाद दोनों संन्यास का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि, अगर वे सच में 2027 वनडे विश्व कप खेलना चाहते हैं तो उन्हें इस साल दिसंबर में होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी (भारत का प्रमुख घरेलू वनडे टूर्नामेंट) में खेलना होगा।

इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले भारतीय खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी खेलने का निर्देश दिया गया था। वैसे ही अब वनडे टीम में बदलाव की तैयारी दिख रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई और चयनकर्ता 2027 विश्व कप चक्र को ध्यान में रखते हुए रोहित-कोहली से आगे बढ़ने पर विचार कर रहे हैं। सफेद गेंद के प्रारूप में युवा खिलाड़ियों की बढ़ती ताकत को देखते हुए वनडे टीम में नई ऊर्जा और ताजगी लाने की योजना बनाई जा रही है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद रोहित और कोहली ने अपने-अपने राज्यों के लिए रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया। हालांकि, मई में इंग्लैंड दौरे के लिए टीम चयन से पहले ही दोनों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। जून में बारबाडोस में भारत को 2024 टी-20 विश्व कप जिताने के तुरंत बाद दोनों दिग्गजों ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। अब उनके करियर का एक और अध्याय खत्म हो सकता है। भारत को अगली वनडे सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलनी है, जहां 19 अक्टूबर से पर्थ, एडिलेड और सिडनी में मैच खेले जाएंगे।

## गिल, पंत, राहुल, जडेजा और बुमराह की टेस्ट इंग्लैंड में नीलाम

नईदिल्ली,10 अगस्त। हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई पांच मैच की टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबर रही थी.सीरीज का तीसरी मैच जो लॉर्ड्स में खेला गया था वो काफी ज्यादा महत्वपूर्ण था. क्योंकि क्रिकेट समुदाय से जुड़े एक अभियान, रेड फॉर रूथ के समर्थन में स्टेडियम को लाल रंग से रंग दिया गया था.

इस मैच में पहनी गई खिलाड़ियों की जर्सी को नीलाम किया गया. जिसका सारा पैसा रूथ स्ट्रॉस फाउंडेशन को दी जाती है. इस फाउंडेशन को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज एंड्रयू स्ट्रॉस चलाते है. उन्होंने ही अपनी दिवंगत पत्नी की याद में रेड फॉर रूथ अभियान भी शुरू किया है. जिसका मकसद लाइलाज बीमारी से जूझ रहे परिवारों की आर्थिक सहायता करना और कैंसर पर महत्वपूर्ण शोध के लिए धन मुहैया करना है.

## ज्योतिष चमत्कार (11 अगस्त 2025)

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 92 | 08 | 12 | 20 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 14 | 28 | 32 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 18 | 26 | 34 | 40 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 24 | 38 | 48 | 52 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 30 | 46 | 54 | 64 |
| शनि | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 56 | 62 | 74 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 59 | 63 | 79 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 57 | 65 | 75 | 81 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 73 | 85 | 97 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 83 | 95 | 01 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 93 | 07 | 19 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 4 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 5 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 6 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 61 | 72 | 83 | 90 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 4 |
| स्पेशल | 15 | 26 | 37 | 48 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | 70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 44 | 85 | 28 | 72 | 36 | 13 |
| 68 | 10 | 05 | 71 | 82 | 61 |
| 05 | 08 | 76 | 67 | 03 | 58 |
| 06 | 11 | 09 | 09 | 68 | 69 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | 83 | 76 | 23 | 71 |
| 77 | 40 | 16 | 83 | 00 |
| 48 | 31 | 34 | 41 | 14 |
| 20 | 04 | 09 | 16 | 45 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2024- 22-43-86

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 26-69-88

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**0 राहुल गांधी की मतदाता सूची को आयोग .....**

दस्तावेजों और सबूतों की मांग की है, जिनके आधार पर उन्होंने दावा किया था कि एक महिला ने दो बार वोट डाला। यह मामला राजनीतिक और चुनावी नियमों के लिहाज से गंभीर माना जा रहा है। चुनाव आयोग का कहना है कि ऐसे आरोपों की पुष्टि के लिए ठोस प्रमाण जरूरी हैं।

गांधी ने पिछले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये दस्तावेज दिखाए थे। आयोग ने कहा कि आपने यह भी बताया था कि मतदान अधिकारी द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के अनुसार, श्रीमती शकुन रानी ने दो बार मतदान किया था। जांच करने पर, श्रीमती शकुन रानी ने कहा है कि उन्होंने केवल एक बार मतदान किया है, दो बार नहीं, जैसा कि आपने आरोप लगाया है।

पत्र में कहा गया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि कांग्रेस नेता द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुति में दिखाया गया सही का निशान वाला दस्तावेज मतदान अधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था। नोटिस में कहा गया कि आपसे अनुरोध है कि आप वे प्रासंगिक दस्तावेज उपलब्ध कराएं जिनके आधार पर आपने यह निष्कर्ष निकाला है कि श्रीमती शकुन रानी या किसी और ने दो बार मतदान किया है, ताकि इस कार्यालय द्वारा विस्तृत जांच की जा सके।

**सीएम सिद्धरमैया ने राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच के दिए आदेश**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने राज्य के विधि विभाग को 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान में धांधली के आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है। सिद्धरमैया ने कहा कि यह जांच आगामी बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) चुनावों से पहले पूरी हो जाएगी। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने पुष्टि की कि महाधिवक्ता को जांच करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया, सिफारिशों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चुनावी गड़बड़ी का आरोप लगाने के एक दिन बाद उठाया गया है।

उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त को एक प्रेस सम्मेलन में राहुल गांधी ने दावा किया कि राज्य में भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 1,00,000 से ज्यादा वोट चुराए हैं। कांग्रेस के आंतरिक विश्लेषण का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि पार्टी को कर्नाटक में 16 सीटें जीतने की उम्मीद थी, लेकिन उसे केवल नौ सीटें ही मिलीं। सात सीटों पर मिली अप्रत्याशित हार की जांच की गई, जिनमें महादेवपुरा को सबसे गंभीर मामला बताया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**महाराष्ट्र के चुनाव आयोग ने 10 दिन में मांगा शपथ पत्र**

वहीं, महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि वे हस्ताक्षरित घोषणा/शपथ 10 दिनों के भीतर कार्यालय को वापस कर दें, ताकि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही शुरू की जा सके।

**0 'बॉस तो हम ही हैं' : राजनाथ सिंह ने बिना नाम...**

टैरिफ पर भी प्रतिक्रिया दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले पर बिना नाम लिए राजनाथ सिंह ने हमला बोला।

**उन्हें बढ़ती ताकत बिल्कुल रास नहीं आ रही**

उन्होंने कहा, कुछ लोग हैं, जिन्हें भारत का विकास और उसकी बढ़ती ताकत बिल्कुल रास नहीं आ रही है। वे चाहते हैं कि भारतीय उत्पादों की कीमतें इतनी अधिक हो जाएं कि दुनिया उन्हें खरीद न सके। यह पूरी तरह से एक विरोधाभासी प्रयास है, लेकिन भारत अपनी राह पर चलता रहेगा।

राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारत अपने उत्पादों के निर्यात में लगातार वृद्धि कर रहा है और यही कारण है कि दुनिया में अब भारत की ताकत और आत्मनिर्भरता को नजरअंदाज करना नामुमकिन हो गया है। मध्य प्रदेश के इस संबोधन में राजनाथ सिंह ने यह स्पष्ट किया कि भारत में जो उत्पाद बन रहे हैं, वे पूरी दुनिया में अपनी गुणवत्ता और कीमत के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

**भारत का भविष्य- 'नई शक्ति'**

राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि भारत अपने आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को जल्द ही हासिल करेगा। उनका मानना है कि जिस गति से भारत अपने रक्षा उद्योग और अन्य क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में शुमार होगा। भारत की यह सशक्त प्रगति और बढ़ती शक्ति वैश्विक मंच पर एक नई दिशा दे सकती है, जिसमें भारत की प्रमुख भूमिका हो।

**रक्षा क्षेत्र में नई क्रांति**

राजनाथ सिंह ने इस दौरान यह भी बताया कि भारत का रक्षा उद्योग अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत हो रही है, बल्कि विदेशी बाजारों में भी भारत अपनी पहचान बना रहा है। इसके साथ ही, भारतीय रक्षा उत्पादन ने वैश्विक स्तर पर अपनी जगह बनाई है, जो भारत के आत्मनिर्भरता के मिशन को मजबूती दे रहा है।

**नया भारत, नई ताकत : आत्मनिर्भरता का लक्ष्य**

अंत में, राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारत के लिए आत्मनिर्भरता एक बहुत बड़ा लक्ष्य है, जिसे पूरा करने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। आने वाले समय में भारत न केवल एक बड़ी शक्ति बनेगा, बल्कि अपनी संसाधन और उत्पादन क्षमता से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान भी बनाएगा।

**भारत का बढ़ता प्रभाव नजर आ रहा**

बहरहाल रक्षा मंत्री का यह बयान पूरी दुनिया में भारत का बढ़ता प्रभाव स्पष्ट करता है, जहां न सिर्फ आर्थिक विकास हो रहा है, बल्कि देश की रक्षा क्षमता में भी मजबूत वृद्धि हो रही है।

**0 न्याय लोगों के दरवाजों तक पहुंचे, ना कि....**

पढ़ने का आग्रह करते हुए कहा, हर धर्म का अपना 'धर्म ग्रंथ' है, लेकिन हर भारतीय के लिए संविधान महान 'ग्रंथ' है। हमारी पहली निष्ठा इससे होनी चाहिए।

गवई ने कहा, आर्थिक और सामाजिक समानता के बिना राजनीतिक समानता का कोई मूल्य नहीं है। उन्होंने पूर्वोत्तर की जनजातीय समुदायों की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए पांचवीं और छठवीं अनुसूचियों के तहत संवैधानिक प्रविधानों के महत्व पर जोर दिया। इससे पहले, गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार ने कहा कि नया भवन भौगोलिक बाधाओं के बिना न्याय के संवैधानिक वादे को पुनः पुष्टि करता है।

उल्लेखनीय है कि 135.35 करोड़ रुपये की लागत से बने इस अत्याधुनिक परिसर में पांच अदालत कक्ष और आधुनिक सुविधाएं हैं, जिसे लोक निर्माण विभाग ने बनाया है। निर्माण फरवरी 2021 में शुरू हुआ, जो भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री पेमा खांडू द्वारा 2018 में रखी गई नींव के बाद हुआ।

**0 डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दो वोटर कार्ड...**

राज्य में मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल खड़े हो रहे हैं. इस बीच, अब डिप्टी सीएम का नाम भी दो अलग-अलग जगहों पर होने के दावे से स्ढ्ढक्रप्रक्रिया की पारदर्शिता पर चर्चा तेज हो गई है.

गौरतलब है कि तेजस्वी यादव खुद भी दो ईपिक कार्ड रखने के आरोपों को लेकर पहले से विवादों में घिरे हुए हैं. ऐसे में इस नए आरोप ने बिहार की सियासत में गरमी बढ़ा दी है.

# राजनांदगांव साई प्रशिक्षण केंद्र का जलवा अंडर 19 बास्केटबॉल में शानदार जीत




**कटक में सीबीएसई क्लस्टर द्वितीय फाइनल में सुशीला बिरला स्कूल को 51-09 से हराया**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। साई प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव और डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अंडर 19 बालिका बास्केटबॉल टीम ने कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर द्वितीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में सुशीला बिरला बालिका स्कूल को 51-09 के भारी अंतर से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

यह जीत न केवल खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि प्रशिक्षकों और प्रबंधकों के मार्गदर्शन का भी सजीव उदाहरण है। प्रतियोगिता के दौरान टीम की एकजुटता, गति, और रणनीति ने विरोधी टीम को पूरे खेल में दबाव में रखा। टीम की कप्तान निशा यादव ने उत्कृष्ट नेतृत्व करते हुए अपनी टीम को मजबूती प्रदान की। वहीं आयुषी पटेल, ईशा सिंह, नताशा प्रजापति, पूजा कंवर, तमन्ना, तन्नु, मनु सिंह, हर्षिका, श्रुति, अंजलि और सुमी ने अपने-अपने पोजीशन पर बेहतरीन खेल दिखाया। हर खिलाड़ी ने जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में साई कोच दिव्या धारावत का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने खिलाड़ियों को तकनीकी और मानसिक रूप से सशक्त बनाया। वहीं टीम प्रबंधक अवनी यादव ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान टीम की तैयारी और प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। उनके कुशल मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को और बढ़ाया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुरू से ही राजनांदगांव की टीम के पक्ष में झुका रहा। पहले क्वार्टर से ही टीम ने तेज आक्रामक खेल दिखाते हुए बढ़त बनाई और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। डिफेंस में सख्ती और आक्रमण में धार ने विरोधी टीम को सिर्फ 9 अंकों पर रोक दिया, जबकि खुद 51 अंक बनाकर जीत को यादगार बना दिया। स्थानीय खेल प्रेमियों और स्कूल प्रबंधन ने इस जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी है। डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य ने कहा, 'हमारी बेटियों ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और टीमवर्क से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं साई प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों ने कहा कि यह जीत आने वाले समय में अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की जीतें न केवल जिले के खेल स्तर को ऊंचा उठाती हैं, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और भागीदारी को भी बढ़ावा देती हैं। राजनांदगांव की इस बालिका बास्केटबॉल टीम की सफलता यह संदेश देती है कि छोटे शहरों की खेल प्रतिभा भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। इस उपलब्धि के साथ टीम अब अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हो रही है, जहां उनका लक्ष्य और भी बड़ी जीत हासिल करना होगा।

## आज नगर पालिका में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' कार्यक्रम



डोंगरगढ़(दावा)। स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित कार्यक्रम तिरंगा यात्रा रैली नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा आज 11 अगस्त से प्रातः 11 बजे से आयोजित है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद, डोंगरगढ़ खीरोंद्र भोई से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर घर तिरंगा यात्रा दिनांक 11 अगस्त से प्रारंभ होगी। जो कार्यालय नगर पालिका प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक होते हुऐ बड़ी मस्जिद गोल बाजार से सोनार चाल जैन मंदिर से पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से बुधवारी रोड़ गुरूद्वारा से रेल्वे चौक से भारत माता चौक होते हुए पुनः नगर पालिका परिषद कार्यालय में तिरंगा यात्रा का समापन होगा।

## कांग्रेस में 400, भाजपा में केवल 100 यूनिट तक बिजली हाफ छूट - रतन सिंगी, पूर्व एल्डरमैन



**मध्यम वर्गीय परिवार की दुश्मन भाजपा सरकार**

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद के पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी ने कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में दी जाने वाली 400 यूनिट तक पचास फ़ीसदी छूट को समाप्त किए जाने पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आयी है, छत्तीसगढ़ की जनता को दोहरी नीति का शिकार होना पड़ रहा है।

झूठे लोक लुभावने योजनाओं के दम पर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा की सरकार द्वारा 400 यूनिट बिजली की खपत वाले केवल 14 लाख उपभोक्ता ही कहना मध्यमवर्गीय परिवार की अहितैसी भाजपा सरकार की चाल चरित्र को उजागर करता है। रतन सिंगी ने आगे कहा कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक मार्च 2019 में 45 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाने 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू की थी। जिसका सीधा लाभ 1043 रूपए उपभोक्ताओं को प्रतिमाह मिलता रहा है। लेकिन अब जनता को बढ़े हुए दर के साथ बिजली बिल का बोझ उठाना पड़ेगा। वही 400 यूनिट तक बिजली के बिल में हाफ बिजली बिल छूट का लाभ को समाप्त कर केवल 100 यूनिट तक छूट देने के निर्णय से जनता में भारी नाराज़गी है।

श्री सिंगी ने कहा बिजली का पावर हब कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में आए दिन बिजली कटौती की जाती है बिजली उत्पादक छत्तीसगढ़ की जनता को बिजली की पूर्ति करने में सरकार पूरी तरह से विफल है। जिसका ख़ामियाज़ा भाजपा सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय भर्ती दावा-आपत्ति 12 तक आमंत्रित

खैरागढ़ (दावा)। स्वामी आत्मानंद विद्यालय भर्ती अंतिम मेरिट पर मंगलवार 12 अगस्त तक दावा आपति आमंत्रित। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के नवीन एवं बैकलॉग रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेज एवं अंकसूची के सत्यापन के बाद पात्र-अपात्र सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जिन अभ्यर्थियों को अंतिम मेरिट/चयन सूची पर आपत्ति दर्ज करनी है। वे 9 अगस्त से 12 अगस्त की मध्यरात्रि तक ईमेल deokcg. cg@gmail. com पर ऑनलाइन दावा-आपत्ति भेज सकते हैं।। साथ ही, भौतिक सत्यापन के लिए मूल प्रमाण-पत्र सहित अभ्यर्थियों को सोमवार 11 और मंगलवार 12 अगस्त 2025 को कार्यालयीन समय में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।

निर्दिष्ट तिथियों पर भौतिक सत्यापन में अनुपस्थित रहने पर दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगी। सत्यापन पूर्ण होने के बाद अंतिम मेरिट/चयन सूची के आधार पर ही नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी सूची एवं विस्तृत जानकारी के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाइटपर अवलोकन कर सकते हैं।

## सामूहिक रूप से रक्षाबंधन के सूत्र में बहनों ने बाँधी राखी



राजनांदगांव (दावा)। रक्षाबंधन भाई बहन के पतित पावन त्यौहार छत्तीसगढ़ में बड़ा धूमधाम से मनाया गया। जिसमें अभनपुर सिन्हा परिवार का रक्षाबंधन कुछ खास ही रहा हर वर्ष की तरह इस वर्ष वे संयुक्त रूप में मनाया गया 25 से 30 भाई बहन एक साथ रक्षाबंधन राखी बांधकर आज के समय में संयुक्त परिवार का उदाहरण दिए।पूर्व सैनिक अंगेश्वर सिन्हा ने बताया कि बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर मुंह मीठा करा कर रक्षा सूत्र बांधा।

## राखी का धागा कच्चा जरूर है, मगर भाई-बहन का रिश्ता उतना ही मजबूत - खेमचंद वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी खेमचंद वर्मा 'बंटी' ने रक्षाबंधन पर्व पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि भाई-बहन के अपार प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। श्री वर्मा ने कहा कि बहनों द्वारा भाइयों की कलाई पर बांधी जाने वाली राखी भले ही एक कच्चा धागा हो, लेकिन उसमें जो भावनाएं बंधी होती हैं, वो रिश्तों को जीवनभर के लिए मजबूत कर देती हैं। राखी का टूट जाना कोई मायने नहीं रखता, बल्कि उस धागे में बंधा विश्वास और आपसी स्नेह ही सबसे अहम होता है।उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन हमें यह संदेश देता है कि जब बहन किसी संकट में हो तो भाई को उसके सम्मान और सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। चाहे इसके लिए उसे अपनी जान की बाजी क्यों न लगानी पड़े। श्री वर्मा ने यह भी कहा कि ऐसे पर्व समाज में आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे को और अधिक मजबूत करते हैं। यह अवसर हमें हमारे पारंपरिक मूल्यों की याद दिलाता है और सिखाता है कि रिश्तों की डोर को केवल औपचारिकताओं से नहीं, बल्कि दिल से निभाना चाहिए।

## डायरिया मरीजों में नियंत्रण - डॉ. सुचित्रा श्रीवास्तव



डोंगरगढ़ (दावा)।ग्राम पंचायत जटकन्हार में मंगलवार को उल्टी दस्त अर्थात डायरिया से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवरतन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुचित्रा श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में त्वरित निर्णय लेते हुए गठित स्वास्थ्य टीम को तत्काल उल्टी दस्त से प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया। जहां पर स्वास्थ्य टीम ने स्वास्थ्य शिविर, घर-घर सर्वे करके स्थिति को नियंत्रण में ले आए, इस स्वास्थ्य टीम में प्रमुख रूप से डॉ बनवासी, मुकेश वर्मा, पर्यवेक्षक के.के लिल्हारे, दीपिका वर्मा, सूरज लाउत्रे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिन बहनों ने भाग लिया।

ज्ञात हो कि 6 अगस्त को 14 मरिज डायरिया के मिले। जिसमें दो मरीज रितु 4 वर्ष, निर्मला 38 वर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सीएमएचओ डॉ. नवरतन तथा डीपीएम संदीप ताम्रकार के मार्गदर्शन में गुरुवार 7 अगस्त को सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव डायरिया से प्रभावित क्षेत्र जटकन्हार का दौरा किया। क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता सूरज लाउत्रे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कुंती यादव, शिक्षा विभाग के प्रधान पाठक माधव दास साहू, सहायक शिक्षक अमिताभ दुफारे, श्रीमती श्रद्धा चक्रवर्ती, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सरोज राजेकर की संयुक्त टीम बनाकर पुनः घर-घर संपर्क किया गया। ज्ञात हुआ कि ग्राम के गोढ़ पारा में कुछ दिन पूर्व 13वीं का कार्यक्रम हुआ था। इसके कुछ दिन पश्चात 14 लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हुई थी। जो आज दिनांक 7 अगस्त तक स्थिति पूर्ण रूप से नियंत्रण में है। डायरिया से प्रभावित घरों में संपर्क के दौरान ओ आर एस पाउडर तथा मेट्रोजिल की दवा प्रदान की गई। स्कूल में बच्चों को भी हाथ धुलाई की विधि बताई गई एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सुझाव दिया गया। जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव जी द्वारा व्यापक रूप से डायरिया निदान एवं बचाव हेतु जानकारी दी गई। तत्पश्चा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से डॉक्टर सम्राट जैन एवं स्टाफ की उपस्थिति में प्रत्यक्ष भेंट किया गया। जिसमें भर्ती मरीज ऋतुराज 4 वर्ष को डिस्चार्ज किया जा चुका था। वही निर्मला उम्र 38 वर्ष का स्वास्थ्य में सुधार पाया गया। जिसे आज स्थिति देखकर डिस्चार्ज करने के लिए डॉक्टर द्वारा जानकारी दी गई। नए मरीजों की संख्या नहीं मिली स्थिति पूर्णता नियंत्रण में है।

# शहर के सामाजिक व धार्मिक महिला संगठनों की बहनों ने सैनिक भाईयों को बांधी राखी



राजनांदगांव (दावा)। भूतपुर्व सैनिक कल्याण संघ के सभागृह में शहर के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों की बहनों ने सैनिक भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया और आर्शीवाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से 1962 युद्ध के योद्धा श्याम राव खाटोले, वर्ष 1971 के योद्धा भगवान सिंह व कमल कांत दत्ता कारगिल योद्धा मास्टरवारंट एम.आर. डड़सेना, गंगादास साहू, योगेन्द्र साहू, पुनित साहू, मेजर सुबेदार राजेश शर्मा अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन अमलेन्दु हाजरा राष्ट्रीय सदस्य राकेश ठाकुर एवं सम्मानित सदस्यगण की गरिमामय उपस्थित में माँ भारती की पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों को आर्शीवाद दिया और उनके सिंदूर की रक्षा एवं राष्ट्र के सुरक्षा का संकल्प दोहराया और यह भी कहा कि इस प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम से प्रेम, स्नेह, भाईचारा और भारतीय सेना के प्रति समर्पण का भाव पल्लवित होता है। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि उनका संगठन सदैव महिला शक्ति के साथ अच्छे सामाजिक कार्यो को करने के लिए प्रतिबंद्ध है।

इस अवसर पर पूर्व लोकपाल श्री हाजरा ने भाई बहनों के इस पावन त्यौहार की प्रशंसा करते हुए महिला संगठनों की बहनों को शुभकामनाऐं दी और उन्हें सौभाग्यशाली बताया, जो राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्पित सैनिक भाईयों के कलाई पर राखी बांध रही है जो राष्ट्र निर्माण के लिए एक सार्थक पहल है।

सामाज सेवी राकेश इन्दू भूषण ठाकुर ने श्रेष्ट आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक संगठन के उपाध्यक्ष रोशन ब्यौहारे, नरेश साहू एवं बहनों को बधाई और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कांति मौर्य अध्यक्ष महिला सुरक्षा संगठन फाउंडेशन, मोना गोसाई, अध्यक्ष श्रीकृष्णा शैक्षणिक एवं संस्कृति के बहनों द्वारा सीमा पर सुरक्षा के लिए तैनात सैनिक भाईयों को राखी भी प्रदान किया गया इस अवसर पर श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती सरस्वती डडसेना, श्रीमती पुर्णिमा साव, श्रीमती कांति मौर्य, श्रीमती मौसमी शर्मा, श्रीमती सुधा पवार, श्रीमती एनकुमारी मोहबिया, श्रीमती पुष्पायादव, श्रीमती संगीता शुक्ला, श्रीमती प्रतिभा साहू, श्रीमती काजल साहू, श्रीमती मंजु रानी, श्रीमती प्रेमा सोनकर, श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती दिप्ती साहू, श्रीमती कमलेश्वरी साहू, श्रीमती लक्ष्मी सदानी, श्रीमती फातिमा सोलंकी, श्रीमती अंजू यादव, श्रीमती जमुना साहू तथा समस्त महिला समुह की बहनें इस अवसर पर प्रमुख से उपस्थित रहें।

# युक्तियुक्तकरण से शासकीय हाईस्कूल भूरभूसी में गणित व अंग्रेजी के नए शिक्षक नियुक्त, शिक्षा में आया नया उत्साह




खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण योजना के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल भूरभूसी में गणित एवं अंग्रेजी विषय के दो व्याख्याताओं की नियुक्ति की गई है। लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे। इस विद्यालय में अब नए शिक्षकों के आगमन से ग्रामवासियों, पालकों और विद्यार्थियों में नया उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि गणित और अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता से न केवल छात्रों की पढ़ाई में तेजी आएगी। बल्कि परीक्षा परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

### ग्राम पंचायत मुरमुरी के सरपंच डोंगरू राम साहू ने कहा

यह नियुक्ति हमारे गांव के बच्चों के लिए एक बड़ा अवसर है। अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा गांव में ही मिल रही है। जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। हम शासन के इस कदम के लिए आभारी हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भानुप्रताप साहू का कहना है, कि नए शिक्षकों के आने से विद्यार्थियों की उपस्थिति और पढ़ाई के प्रति रुचि दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अब बच्चे नियमित कक्षाओं में भाग ले रहे हैं और कठिन विषयों को आसानी से समझ पा रहे हैं।

कक्षा 10वीं के छात्र वेद्कुमार ने कहा कि गणित और अंग्रेजी अब हमें कठिन नहीं लगते। नए अध्यापकों के मार्गदर्शन से हमारी पढ़ाई आसान और रोचक हो गई है। कक्षा 10वीं की छात्राएं कुमारी युगेश्वरी साहू और यामिनी साहू ने कहा कि विशेषज्ञ शिक्षकों से पढ़ाई का यह अनुभव हमारे लिए अनमोल है। अब हम हर विषय को गहराई से समझ पा रहे हैं और बेहतर अंक लाने का आत्मविश्वास है। ग्रामवासी और विद्यालय परिवार का मानना है कि यह नियुक्ति आने वाले वर्षों में भूरभूसी को शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल बना सकती है।

नए शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र न केवल बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, बल्कि उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपना स्थान बनाएंगे। यह पहल ग्रामीण शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होगी। विद्यालय परिवार और ग्रामवासी शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि शिक्षा के इस सकारात्मक बदलाव से आने वाली पीढ़ी का भविष्य और अधिक उज्ज्वल होगा।

# वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम का सफल आयोजन




**नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में एक दिवसीय सत्र संपन्न**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज बॉम्बे के सानिध्य में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को वित्तीय बाज़ार, निवेश की प्रक्रिया एवं उससे जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में कुल 75 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती गौरी अमित गीत रहीं, जो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की विशेषज्ञ हैं। उन्होंने उपस्थित जनों को वित्तीय विषयों की जटिलताओं को सरल भाषा में समझाते हुए अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के प्रमुख विषयों में शेयरधारकों के अधिकार अंतर्गत उन्होंने बताया कि एक शेयरधारक के क्या कानूनी अधिकार होते हैं और कंपनी के निर्णयों में उनकी भागीदारी कैसे सुनिश्चित होती है निवेशकों के लिए सलाह देते हुए सुरक्षित निवेश के तरीके, जोखिम प्रबंधन, और विभिन्न निवेश विकल्पों की जानकारी दी गई साथ ही ट्रेडिंग की प्रक्रिया और डीमैट खाता खोलने की आवश्यकता को सरल ढंग से प्रस्तुत किया गया प्राथमिक एवं द्वितीयक बाज़ार के तहत दोनों बाजारों के बीच का अंतर स्पष्ट करते हुए, शेयर बाज़ार की कार्यप्रणाली को समझाया गया एवं भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहने और सही निवेश निर्णय के लिए विश्वसनीय स्रोतों पर ध्यान देने की सलाह दी गई।कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञ से उपयोगी जानकारी प्राप्त की। यह सत्र अत्यंत संवादात्मक और ज्ञानवर्धक रहा।प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ÷इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए तैयार करते हैं।

## अंबागढ़ चौकी थाने में पदस्थ आरक्षक ने की आत्महत्या, कारण अज्ञात



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के थाना अंबागढ़ चौकी में पदस्थ जिला पुलिस बल के आरक्षक नरेश सलामे ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की पुष्टि अंबागढ़ चौकी एसडीओपी ताजेश्वर दीवान ने की है। जानकारी के अनुसार, आरक्षक नरेश सलामे थाना परिसर के बाहर स्थित अपने सरकारी क्वार्टर में परिवार के साथ निवासरत थे। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उन्होंने क्वार्टर में फांसी लगाई। शनिवार सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग राजनांदगांव का फैसला

राजनांदगांव (दावा)। परिवादी द्वारा नीवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस से चिकित्सा बीमा हेल्थ इंश्योरेंस पालिसी 2,12,334 रूपये जमा कर प्राप्त किया था। उक्त पालिसी में पति पत्नी दोनों का हेल्थ इंश्योरेंस समायोजित था। पालिसी दिनांक 31/03/2023 से 30/03/2026 तक के लिए जारी किया गया था।

परिवादी को 27/05/2024 को पैर में दर्द होने पर इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले जाने पर ज्ञात हुआ की स्पाईन रीड़ की हड्डी के कारण दर्द होना है। उचित इलाज के लिए न्यूरो ब्रेन स्पाइन क्रिटिकल केयर सेंटर नागपुर महाराष्ट्र ले जाया गया। जहां पर यह ज्ञात हुआ कि रीड की हड्डी का ऑपरेशन करना पड़ेगा और आपरेशन किया गया इस बीच नीवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस के एजेंट से संपर्क करने पर संपूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन लेकर ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही गई। किंतु बाद में बीमा क्लेम निरस्त कर दिया गया। परिवादी अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस प्रेषित कर उपरोक्त चिकित्सा बीमा क्लेम की राशि की मांग की किंतु नोटिस प्राप्त होने के बाद भी भुगतान नहीं किया। परिवार द्वारा परिवादी द्वारा अपने अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी के माध्यम से श्रीमान जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग राजनांदगांव के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया।

परिवाद का सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगाव के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू एवं सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस द्वारा परिवाद में उभयपक्षों की सुनवाई के बाद परिवाद स्वीकार कर सेवा में कमी एवं त्रुटि के लिए अनावेदक नीवा हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी को जवाबदार मानते हुए 270358.49 रूपये एवं आर्थिक एवं मानसिक क्षति के रूप में 25000 रूपये, 45 दिवस के भीतर नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस परिवादी को भुगतान करने का आदेश 5/08/2025 को पारित किया। उक्त राशि आदेश 5/08/2024 से भुगतान दिनांक तक 06 प्रतिशत ब्याज भुगतान दिनांक तक करेगा। यदि 45 दिवस के भीतर अनावेदक, परिवादी को भुगतान करने में असफल रहने पर आदेश दिनांक 05/08/2025 से 9 प्रतिशत की दर से ब्याज भी भुगतान नीवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस को परिवादी को करना होगा। उक्त प्रकरण में परिवादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी द्वारा पैरवी किया गया।

# रक्षाबंधन के दिन शिवनाथ में बहा युवक, परिवार में फैला मातम

राजनांदगांव (दावा)। श्रावणी पर्व रक्षाबंधन के दिन शहर का एक युवक शिवनाथ नदी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को नदी में काफी तलाश करवाया लेकिन वह किसी के साथ नहीं लग पाया अंत में साढ़े 11 बजे तक खोजबीन रोक देनी पड़ी और युवक को खोजने कुछ दूसरे इंतजाम करने में जुट गई। दोपहर बाद दुर्ग से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने भी युवक को खोजने काफी मशक्कत की लेकिन वह हाथ नहीं लग पाया। बसंतपुर थाना थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि रविवार की सुबह उक्त युवक के शव को खोज निकाला गया। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे उसके परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौप दिया गया है।



**दूसरे दिन मिला युवक का शव**

बता दें कि शनिवार को श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा होने के कारण सावन मास का अंतिम दिन था। शहर के कुछ युवकों के साथ बालगोविंद चौक ठेठवार पारा निवासी 33 वर्षीय प्रशांत पिता मोहन सोनी शिवनाथ नदी में जल लेने गया हुआ था। इस दौरान उनके सभी साथी नदी में नहा रहे थे। कुछ देर बाद प्रशांत के साथी नहाकर भगवान शिव में जल चढ़ाने के लिए गए तो वहां प्रशांत नहीं दिखा और घाट में उसका कांवड़ व कपड़े सहित पूजा सामग्री रखी दिखी। इससे दोस्तों को शंका हुई और उसे आसपास ढूंढने लगे तथा मौजूद लोगों से पूछताछ भी की किंतु प्रशांत का कुछ भी पता नहीं चलने पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की टीम के साथ नदी में प्रशांत की खोजबीन शुरू की लेकिन 10 घंटे की लगातार खोजबीन के बाद भी युवक का शव नहीं मिल पाया। इधर रक्षाबंधन त्योहार के दिन सोनी परिवार का जवान युवक के नदी में डूब जाने व उसका शव नहीं मिलने से परिवार में मातम पसर गया।

प्रशांत के नदी में डूबने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग दौड़े-दौड़े घटना स्थल पर पहुंचे इससे वहां उनके शुभचिंतकों व ईष्ट-मित्रों की भीड़ लग गई। लोगों की नजरें नदी की ओर ही लगी रही और प्रार्थना करने लगे कि प्रशांत नदी से सुरक्षित निकल आए लेकिन ऐसा हो न सका। इस घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बूरा हाल बना रहा।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 11 अगस्त को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाउस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेडेसरा पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.15 बजे ग्राम टेडेसरा से कार द्वारा प्रस्थान कर स्पीकर हाउस पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 4.15 बजे स्पीकर हाउस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे सतनाम भवन जी.ई. रोड राजनांदगांव पहुंचकर मिनीमाता निर्वाण दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे सतनाम भवन से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 5.45 बजे स्पीकर हाउस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 6.30 बजे कार द्वारा स्पीकर हाउस रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

अशोका आई. टी. आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी. ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | E-mail: ashokaiti2019@gmail.com

# भाजपा नेता खूबचंद पारख के जन्मदिन पर बधाईयों का तांता लगा

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा सरकार की विगत विधानसभा में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खुबचंद पारख को आज रक्षाबंधन के पवित्र दिवस पर जन्मदिन की शुभकामनाए देने हेतु विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके घर पर आकर शुभकामनाएं दी,जिसमें प्रमुख रूप से दक्षिण भाजपा मंडल, उत्तर भाजपा मंडल, पूर्व एवं पश्चिम भाजपा मंडल, ग्रामीण भाजपा मंडल, मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के समस्त पदाधिकारी, कपड़ा व्यापारी संघ, हार्डवेयर व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ, फुटकर व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ, दवा व्यापारी संघ, विभिन्न खेल संगठन जिसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन, कराटे एवं बॉडी बिल्डर संघ, शतरंज एसोसिएशन, इसके अलावा युवा संगठन महिला संगठन एवं समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने चहेते नेता को घर पहुंच कर शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना भी की। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तथा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खुबचंद पारख भाजपा की राजनीति में एक सर्वमान्य नेता के रूप में पहचाने जाते हैं, भाजपा की स्थापना से लेकर विभिन्न चुनाव में अपनी कुशल रणनीति एवं सक्रियता के चलते भाजपा एकजुट होकर चुनाव को बेहतर ढंग से लड़ती है, आज भी उनकी अच्छी पकड़ कार्यकर्ताओं में देखी जा सकती है। इसलिए आज जन्मदिन पर उनके शुभचिंतकों एवं समर्थकों का घर पर बधाई देने का सिलसिला प्रातः 9 बजे से शुरू हो गया, जिसमें शहर के सभी संगठनों के अलावा कई प्रमुख लोगों ने भी





श्री पारख को शुभकामनाएं प्रेषित की, जिसमें प्रमुख रूप से सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, राजेंद्र गोलछा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना आलोक बिंदल, विनोद डढूडा, भीमन धनवानी, विनोद बोहरा, चेंबर प्रदेश मंत्री अमर लालवानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, जिला महामंत्री अरुण डुलानी, चेंबर सलाहकार समिति के राजा माखीजा, जिला मंत्री हरीश मोटलानी, मनोज निर्वाणी, उत्तम गिड़िया, भागचंद गिड़िया, पूर्व पार्षद राजेन्द्र जैन नमिताभ जैन बंटी, नगर निगम के अध्यक्ष पारस वर्मा, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, शिव वर्मा, देवशरण सेन, राजेश साहू, नादान सेन, शैंकी बग्गा सहित पूरा पार्षद दल उपस्थित था। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, श्रीमती राकेश सिंह प्रशांत कोडापे, तिलई मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोहीर, घुमका मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ठेलकाड़ीह मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे, भाजपा नेता किशुन यदु, नरेश बैद पतली, डॉ. मिथिलेश शर्मा, ललित भंसाली, आशीष अग्रवाल, योगेश खत्री, रितेश लाल, हर्ष चितलांग्या, अनिल कोटड़िया, हंसमुख रायचा, राजकुमार बाफना, संजय चोपड़ा, आकाश चोपड़ा, संयम बैद, मंडल अध्यक्ष सुमित भटिया, गोलू गुप्ता, अतुल रायजादा, विष्णु अग्रवाल, अभिषेक सेन, रवि सिंहा, बलविंदर बग्गा, राजेश अग्रवाल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व प्रवक्ता रोशन गोलछा, राजेश गुप्ता अग्रहरि, रानू जैन, मनोज बैद, विजय हरिहारनो, विजय रॉय, योगेश बागड़ी, दामू भूतड़ा, बलवंत साव, हरीश गांधी, राजकुमार शर्मा, डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं दी।

विगत 5 दशकों से गौशाला पिंजरापोल के माध्यम से गौ सेवा में सेवा देने वाले खूबचंद पारख को गौशाला पिंजरा पोल के सदस्यों ने भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया, जिसमें प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम गांधी देवीशरण खंडेलवाल, राजेंद्र गोलछा, रानू जैन आदि शामिल थे। इसके अतिरिक्त चौकी से जिला अध्यक्ष नम्रता सिंह, दिलीप वर्मा खैरागढ़ से विक्रांत सिंह डॉ बिसेसर साहू, कवर्धा से रामकुमार भट्ट राजेंद्र चंद्रवंशी दुर्ग से जितेंद्र वर्मा एवं चोपड़ा जी ने दूरभाष पर बधाइयां दी।

### डॉ.रमन एवं पवन साय ने दूरभाष पर बधाईयां दी

श्री पारख को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद संतोष पांडे, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, प्रदेश व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक लाभचंद बाफना, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा अपेक्स बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष केदार गुप्ता एवं रमेश ठाकुर, बजरंग खंडेलवाल, पूर्व सांसद अशोक शर्मा,पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने दिल्ली तथा रमेश पटेल ने गुजरात से शुभकामनाएं प्रेषित की।

### विपक्षी दलों ने भी शुभकामनाएं दी

राजनीतिक क्षेत्र में भले ही संगठन की नीति आधारित अंतर होता हो परंतु व्यक्तिगत जीवन में खूबचंद पारख के सरल व्यवहार के कारण विपक्षी दलों के नेताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की जिसमें प्रमुख रूप से जितेंद्र मुदलियार, कुतुबुद्दीन सोलंकी, नरेश डाकलिया, कुलबीर छाबड़ा, धनेश पाटिला, कमलजीत सिंह पिंटू एवं रमेश डाकलिया प्रमुख रूप से बधाई देने वालों में शामिल थे।

### आभार व्यक्त करते अभिभूत हुए खूबचंद

अपने जन्मदिन पर सैकड़ों की संख्या में समर्थकों एवं शुभचिंतकों की बधाईयों से अभिभूत होते हुए खूबचंद पारख ने कहा कि वह जीवन पर्यंत समाज सेवा एवं अपने पास आए लोगों के कार्यों की चिंता में लगे रहेंगे और उन्होंने सभी बधाई देने वालों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

छत्तीसगढ़ शासन
प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन)
जनजातीय विकास का नया युग
₹375.71 करोड़ स्वीकृत
100 पुल + अन्य निर्माण कार्य
9 मंत्रालय
11 प्रमुख विकास गतिविधियां
18 जिले | 1442 गाँव | 2,306 बसाहटें | 56,669 परिवार
बचे 26 गांवों तक भी पहुंचेगी विकास की रोशनी
10,553 पक्के आवास पूर्ण
500 किमी सड़कें पूर्ण
44,101 आधार कार्ड जारी
1,04,743 आयुष्मान कार्ड बने
36,521 जनधन खाते खुले
46,024 जाति प्रमाण पत्र जारी
22,351 किसान सम्मान निधि पंजीकरण
30,559 राशन कार्ड वितरित
4,727 मातृत्व योजना लाभार्थी
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
10,125 किसान क्रेडिट कार्ड जारी
228 गांवों में पाइप से जलापूर्ति
श्री विष्णु देव साय माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी माननीय प्रधानमंत्री
4 छात्रावास व आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण
बड़ी संख्या में मोबाइल टॉवरों की स्थापना
7 वन धन विकास केंद्र संचालित
8 बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण
विद्युतीकरण: 7144 परिवार (ऑन ग्रिड) 729 परिवार (ऑफ ग्रिड)
मोबाइल मेडिकल यूनिट: 57 यूनिट से 317 गांव लाभान्वित
हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
* यह आंकड़े माह जुलाई तक के हैं कार्य निरंतर जारी है
संवाद-44865/37
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com